उज्जैन
शनिवार
19
सितम्बर, 2026
मूल्य- 2 रु.
वर्ष-12
अंक-316
मालवा डिवीजन 402/2024-2026
आर एन आई क्रमांक 2013/57651

# दैनिक ब्रह्मास्त्र

3 ▸ छात्रों की गूंज आज, राहुल गांधी इंदौर में 7 घंटे रहेंगे
7 ▸ सहवाग के बेटे आर्यवीर का अंडर-19 डेब्यू, 28 रन बनाए



## रिप्लेसमेंट के बाद तारा सुतारिया ने बनाई पहचान

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुंबई**

बॉलीवुड में पहचान बनाने का सपना लेकर आने वाले हर कलाकार का सफर एक जैसा नहीं होता। कुछ को फिल्मी परिवार का सहारा मिलता है, तो कुछ हुनर और मेहनत के दम पर इंडस्ट्री में जगह बनाने की कोशिश करते हैं। अभिनेत्री तारा सुतारिया का सफर भी ऐसा ही है। अभिनय के साथ संगीत और गायकी में रुचि रखने वाली तारा ने टेलीविजन से शुरूआत की और 2019 में करण जौहर की फिल्म स्टूडेंट ऑफ द ईयर 2 से बड़े पर्दे पर कदम रखा। तारा का फिल्मी सफर कई अनुभवों से गुजर चुका है। उन्होंने रोमांटिक और एक्शन फिल्मों में काम किया और अपूर्वा जैसी सर्वाइवल थ्रिलर में मुख्य भूमिका निभाई। इस दौरान उन्हें फिल्मों से रिप्लेस किए जाने और इंडस्ट्री में आउटसाइडर होने की चुनौतियों का सामना करना पड़ा। तारा सुतारिया का जन्म 19 नवंबर 1995 को मुंबई में हुआ। उन्हें बचपन से संगीत और परफॉर्मिंग आर्ट्स में रुचि थी। उन्होंने कम उम्र में गायन की ट्रेनिंग शुरू कर दी थी। संगीत के अलावा नृत्य और मंच पर प्रस्तुति देने का भी अनुभव रहा है। वह लगभग 15 साल की उम्र से मंच पर प्रस्तुति दे रही थीं। तारा हमेशा गायिका और परफॉर्मर बनना चाहती थीं। बॉलीवुड में अभिनय का मौका मिलने के बाद भी संगीत उनके लिए महत्वपूर्ण बना रहा।

### देश

- रात 1 बजे स्टीयरिंग लॉक तोड़कर वाहन उठाना कानूनन वसूली नहीं, सुप्रीम कोर्ट ने फाइनेंसर को ठहराया जिम्मेदार
- चोट गंभीर होना जरूरी नहीं, हत्या के प्रयास की धारा 307 के लिए इरादा या मौत का ज्ञान जरूरी, सुप्रीम कोर्ट
- राजस्थान में आज से मानसून की वापसी संभवः यूपी के गोंडा में 10 हजार लोग बाढ़ में फंसे, महाराष्ट्र में बिजली गिरने से 5 मौतें
- आईआईटी बॉम्बे में स्टूडेंट ने आत्महत्या की, कैंपस में प्रदर्शन, एग्जाम में चेटजीपीटी इस्तेमाल करते पकड़ाया था, 7 महीने में सुसाइड का तीसरा मामला
- ममता की कैंडिडेट हटीं, कांग्रेस प्रत्याशी को समर्थन, वो गिरफ्तार, बंगाल के नंदीग्राम उपचुनाव में 2 घंटे में बदली तस्वीर, सीएम शुभेंदु ने खाली की है सीट
- जम्मू-कश्मीर में लश्कर मददगारों के ठिकानों पर छापेमारी, चीन में बनी 2 ग्रेनेड, एक पिस्तौल-गोलियां बरामद; 4 दिन पहले 3 आतंकी मददगार गिरफ्तार हुए थे

### विदेश

- ट्रम्प ने सीएनएन को व्हाइट हाउस से बैन किया, दो अन्य मीडिया हाउस पर भी कार्रवाई, कहा- ये फेक न्यूज फैलाते हैं
- सऊदी का यूरोप को अगले महीने तेल देने से इनकार, इराक से ड्रोन हमले के बाद पाइपलाइन तबाह हुई, मरम्मत में 5-6 हफ्ते लगेंगे
- नाटो देशों की रूस से संभावित टकराव की तैयारी, हथियार, सैनिक और सुरक्षा ढांचे पर ज्यादा खर्च करेंगे, ट्रम्प के दबाव के बाद बदली रणनीति
- पुतिन की जीत तय, फिर भी रूस में चुनाव, यूक्रेन के कब्जे वाले इलाकों में भी वोटिंग, युद्ध का विरोध करने वाली पार्टी बाहर
- बांग्लादेश-तुर्किये मिलकर ड्रोन फैक्ट्री बनाएंगे, तकनीक भी ट्रांसफर होगीः बोगुरा में बनेगी यूनिट, यह भारत की सीमा सिर्फ 75 किमी दूर

### व्यापार

- स्पैम-कॉल करने वाले नंबर एक साल के लिए ब्लैकलिस्ट होंगे, चीनी त्योहारों से पहले सस्ती होगी, नेस्ले बेबी फूड में विटामिन की मात्रा कम मिली
- नेस्ले के बेबी फूड में विटामिन की मात्रा कम, लैब टेस्ट में सैंपल फेल, भ्रामक विज्ञापन के लिए भी फसाई ने नोटिस दिया

### कार्टून..




रूस से तेल खरीदना अब भारत के लिए मुश्किल बढ़ी, अमेरिका ने कहा- भारत अपनी जरूरत का 40% से ज्यादा क्रूड ऑयल रूस से खरीद रहा

# ट्रम्प ने 100 प्रतिशत टैरिफ वाले कानून को दी मंजूरी

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ वाशिंगटन**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प अब भारत पर 100% तक टैरिफ लगा सकते हैं। ट्रम्प ने इस बिल पर साइन कर दिया है और अब यह कानून बन चुका है।

अमेरिकी संसद के निचले सदन हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स ने बुधवार को रूस से ज्यादा तेल खरीदने वाले 5 देशों पर 100% तक टैरिफ लगाने वाला बिल पास किया था। पक्ष में 262 और विरोध में 159 वोट पड़े थे। सीनेट अगस्त में इसे 86-11 वोट से पास कर चुकी है। इसे आधिकारिक तौर पर लिंडसे ओ ग्राहम सैंक्शनिंग रशिया एंड ईरान एक्ट ऑफ 2026 नाम दिया गया है। रूस से ज्यादा कच्चा तेल खरीदने वाले 5 देशों की अमेरिकी लिस्ट में चीन, भारत, स्लोवाकिया, हंगरी और अजरबैजान शामिल हैं। भारत अपनी जरूरत का 40% से ज्यादा क्रूड ऑयल रूस से खरीद रहा है। अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि हर 180 दिन में इस लिस्ट का आकलन करेंगे। अमेरिका की तरफ से 100% टैरिफ पर भारतीय विदेश मंत्रालय ने कहा था कि देश के हितों से समझौता नहीं करेंगे।

**बीते 2 साल में भारत का रूस से तेल आयात-** यूक्रेन-रूस युद्ध शुरू होने के बाद भारत ने रूस से सस्ता कच्चा तेल खरीदना तेजी से बढ़ाया। 2022-23 में रूस भारत का सबसे बड़ा तेल सप्लायर बन गया। युद्ध से पहले भारत रूस से बहुत कम तेल खरीदता था, लेकिन बाद में यह बढ़कर रोजाना करीब 16 से 20 लाख बैरल तक पहुंच गया। अब भारत अपनी जरूरत के 40% से ज्यादा कच्चे तेल का आयात रूस से कर रहा है। इससे भारत रूस से तेल खरीदने वाले सबसे बड़े देशों में शामिल हो गया है।

**रूस के अलावा भारत के लिए 9 विकल्प-** रूस के अलावा, भारत मुख्य रूप से इराक, सऊदी अरब, यूएई, कुवैत और कतर से तेल खरीदता है। इसके अलावा, नाइजीरिया, अंगोला, ब्राजील और अमेरिका से भी कच्चा तेल आयात करता है।

**यूरोपीय देशों को टैरिफ में राहत देगा अमेरिका-** रूस से प्राकृतिक गैस खरीदने वाले चीन, फ्रांस, जापान, हंगरी और बेल्जियम को भी इसके दायरे में रखा गया है। हालांकि, जो देश रूस की कुल गैस निर्यात का 15% से कम आयात करते हैं और अपनी निर्भरता घटाने की दिशा में कदम उठा रहे हैं, उन्हें छूट मिल सकती है।



### रूस के रक्षा क्षेत्रों पर भी प्रतिबंध लगेगा

बिल का नाम ह्यलिंडसे ओ. ग्राहम सैंक्शनिंग रूस एंड ईरान एक्ट ऑफ 2026 है। इस बिल में रूस के तेल और रक्षा से जुड़े कारोबार पर कड़े प्रतिबंध लगाने की बात कही गई है। साथ ही रूस के उन टैंकरों पर भी कार्रवाई हो सकती है, जो मौजूदा प्रतिबंधों से बचते हुए दूसरे देशों तक रूसी तेल पहुंचाते हैं। इन टैंकरों के नेटवर्क को रूस का शैडो फ्लीट कहा जाता है। अमेरिका पहले भी रूस पर ऐसे प्रतिबंध लगाने की कोशिश कर चुका है। लेकिन ईरान युद्ध के दौरान होर्मुज स्ट्रेट बंद होने से तेल की सप्लाई पर असर पड़ा और दुनिया में तेल की कमी का डर बढ़ गया।

पार्टी के लोगों में संस्कारों की मर्यादा है, कमजोरी तो नहीं

# महापौर के साथ हुए घटनाक्रम से उज्जैन शर्मसार

## वरिष्ठ नेता खूब समझ रहे शुभ-लाभ की राजनीति

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

पार्टी के संस्कार ही हैं कि वरिष्ठ नेता आज भी मर्यादा में बैठकर बहुत कुछ सहन कर रहे हैं। वरना शुभ-लाभ की राजनीति को समझने और उसका जवाब देने का हुनर उन्हें भी खूब आता है।

इसी संदर्भ में महापौर के साथ हुई घटना को लेकर भी पार्टी के भीतर और बाहर चर्चाएं होना स्वाभाविक है। घटना के बाद सामने आए सवालों ने यह सोचने पर मजबूर किया है कि क्या राजनीतिक मतभेद और प्रशासनिक अथवा संगठनात्मक व्यवहार के बीच मर्यादा की रेखा कायम रह रही है? घटना को लेकर अलग-अलग पक्षों की अपनी बातें हो सकती हैं, लेकिन इतना जरूर है कि इसने राजनीतिक वातावरण में चर्चा को जन्म दिया है।

महापौर जैसे संवैधानिक पद पर बैठे व्यक्ति के साथ किसी भी घटनाक्रम को केवल व्यक्ति विशेष का मामला मानकर छोड़ देना पर्याप्त नहीं होता। उसके राजनीतिक और संगठनात्मक संदेश पर भी चर्चा होती है। यही वजह है कि वरिष्ठ नेताओं की चुप्पी को भी उसी व्यापक संदर्भ में देखा जा रहा है।

सत्ता में बड़े पदों पर बैठे लोगों का जैसा व्यवहार सामने आ रहा है, उसका जवाब देना भी वरिष्ठ नेताओं को आता है और बोलना भी। जिन्होंने वर्षों तक विपक्ष को राजनीति के मैदान में धूल चटाई है, वे आज अचानक अपनी बात रखने में असमर्थ हो गए हों, ऐसा मान लेना शायद जल्दबाजी होगी।

### लेकिन सवाल यह है कि वे चुप क्यों हैं?

संभवतः वे पार्टी और अपने राजनीतिक परिवार को बिखरते हुए नहीं देखना चाहते। इसी वजह से अपमान का घूंट पीकर भी मर्यादा बनाए हुए हैं। उनकी चुप्पी को कमजोरी समझना सत्ता के लिए भारी भूल साबित हो सकती है।

मोहन सरकार को जितना जल्दी इस संकेत को समझ लेना चाहिए, उतना ही बेहतर होगा। क्योंकि राजनीति में मौन हमेशा सहमति नहीं होता और मर्यादा हमेशा कमजोरी नहीं होती।



### संस्कारों की मर्यादा को कमजोरी न समझे सत्ता

वरिष्ठ नेताओं की खामोशी में बहुत कुछ छिपा है, अपमान का घूंट पीना उनकी मजबूरी नहीं, पार्टी को बचाने की कोशिश है।

राजनीति में शब्दों का अपना महत्व होता है और मौन का भी। कई बार नेता बहुत कुछ कहना चाहते हुए भी इसलिए चुप रहते हैं, क्योंकि उन्हें अपने शब्दों से ज्यादा अपनी पार्टी, संगठन और राजनीतिक परिवार की चिंता होती है। आज पार्टी के कुछ वरिष्ठ नेताओं को लेकर भी यही सवाल उठ रहे हैं कि आखिर वे सब कुछ देखकर और सुनकर भी शांत क्यों हैं?

### क्या यह उनकी कमजोरी है?

**क्या उन्हें जवाब देना नहीं आता?**

**क्या वे सत्ता में बैठे लोगों के व्यवहार का अर्थ नहीं समझते?**

ऐसा बिल्कुल नहीं है। यह संस्कार हैं, राजनीतिक मर्यादा है और पार्टी को टूटने से बचाने की कोशिश है। वरिष्ठ नेताओं ने राजनीति के कई दौर देखे हैं। सत्ता के उतार-चढ़ाव देखे हैं, संघर्ष देखा है और विपक्ष को राजनीतिक जवाब देने का लंबा अनुभव भी उनके पास है। इसलिए उनकी चुप्पी को असमर्थता समझना राजनीतिक भूल हो सकती है।

जिस पीढ़ी ने वर्षों तक संघर्ष करके संगठन को खड़ा किया, वह राजनीति की भाषा भी समझती है और उसके संकेत भी। उसे यह भी पता है कि सत्ता में बैठकर लिया गया हर निर्णय केवल वर्तमान को प्रभावित नहीं करता, उसका असर भविष्य की राजनीति पर भी पड़ता है। आज सबसे बड़ा सवाल यही है कि क्या सत्ता में बैठे लोग वरिष्ठों की इस खामोशी को उनकी कमजोरी समझ रहे हैं? यदि ऐसा है तो यह गलतफहमी दूर करना जरूरी है।

राजनीति में शुभ-लाभ का दौर आता-जाता रहता है। पद, प्रतिष्ठा और सत्ता स्थायी नहीं होते। स्थायी रहती है तो केवल राजनीतिक विश्वसनीयता और कार्यकताओं के बीच बनी पकड़। इसलिए सत्ता के बड़े पदों पर बैठे लोगों को यह समझना होगा कि व्यवहार की एक सीमा होती है और मर्यादा की भी अपनी कीमत होती है।

वरिष्ठ नेता चाहें तो बहुत कुछ कह सकते हैं। उनके पास कहने के लिए घटनाएं भी हैं, अनुभव भी हैं और जवाब देने की क्षमता भी। उन्होंने वर्षों तक विपक्ष की राजनीति का सामना किया है। राजनीतिक विरोधियों को जवाब दिए हैं और कठिन परिस्थितियों में संगठन को संभाला है। इसलिए यदि वे आज सार्वजनिक रूप से हर बात का जवाब नहीं दे रहे हैं तो इसका अर्थ यह नहीं कि उनके पास जवाब नहीं है। शायद वे जवाब इसलिए नहीं दे रहे क्योंकि उन्हें अपने परिवार को बिखरता हुआ नहीं देखना है।

राजनीतिक परिवारों में मतभेद होना नई बात नहीं है। लेकिन मतभेद जब सार्वजनिक टकराव में बदलने लगते हैं तो उसका नुकसान केवल व्यक्तियों का नहीं होता, बल्कि संगठन और कार्यकताओं का भी होता है। यही कारण है कि अनुभवी नेता कई बार व्यक्तिगत पीड़ा और राजनीतिक असहमति को अपने भीतर रखते हैं और सार्वजनिक रूप से संयम बरतते हैं। लेकिन संयम की भी एक सीमा होती है।

अपमान का घूंट बार-बार पीना किसी की कमजोरी नहीं हो सकता। यह त्याग भी हो सकता है और धैर्य भी। लेकिन धैर्य को हमेशा के लिए मौन मान लेना भी उचित नहीं है।

मोहन सरकार को इस पूरे माहौल को गंभीरता से समझना चाहिए। सत्ता केवल प्रशासन चलाने का नाम नहीं है। सत्ता में व्यवहार, संवाद और समन्वय की भी उतनी ही भूमिका होती है। खासकर तब, जब बात अपने ही राजनीतिक परिवार के वरिष्ठ और अनुभवी लोगों की हो।

आज जरूरत इस बात की है कि राजनीतिक संवाद बंद न हो। वरिष्ठों की बात सुनी जाए, कार्यकताओं की बेचैनी समझी जाए और ऐसे हालात पैदा न हों जहां पार्टी के भीतर की नाराजगी सार्वजनिक चर्चा का विषय बन जाए।

क्योंकि जिस पार्टी ने संघर्ष के दौर देखे हैं, उसके वरिष्ठ नेताओं को राजनीति का पाठ पढ़ाने की जरूरत नहीं है। वे जानते हैं कि कब बोलना है, कितना बोलना है और कब केवल इसलिए चुप रहना है कि घर की दीवारें बाहर से मजबूत दिखाई दें। लेकिन दीवारों के भीतर लगातार दरारें पड़ती रहें और उन्हें केवल रंग-रोगन से छिपाने की कोशिश की जाए तो एक दिन स्थिति संभालना कठिन हो सकती है। इसलिए सत्ता को वरिष्ठों की खामोशी को सहमति का प्रमाण नहीं, बल्कि एक संकेत के रूप में देखना चाहिए।

## चीनी त्योहारों से पहले सस्ती होगी

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली**

केंद्र सरकार ने जमाखोरी रोकने और त्योहारों से पहले कीमतें काबू करने के लिए बल्क कंज्यूमर्स के लिए स्टॉक लिमिट बढ़ाकर 30 दिन कर दी है। सरकार के इस कदम से मिठाइयों, बेकरी और फूड प्रोसेसिंग कंपनियों को त्योहारों के दौरान चीनी की किल्लत का सामना नहीं करना पड़ेगा। बल्क कंज्यूमर वे कंपनियां या औद्योगिक इकाइयां हैं, जो कच्चे माल के रूप में हर महीने 10 टन से ज्यादा चीनी का इस्तेमाल करती हैं। अभी ये कंपनियां अपनी सिर्फ 15 दिन की जरूरत के बराबर स्टॉक रख सकती थीं। सरकार ने करोबारियों से कहा है कि लोगों को सस्ती चीनी दें। सरकार ने कहा है कि स्थानीय बाजार से आप 15 दिन से ज्यादा का चीनी स्टॉक नहीं रख सकते। अगर 15 दिन से ज्यादा यानी 30 दिन तक चीनी रखनी है, तो एक्स्ट्रा स्टॉक सिर्फ विदेश से मंगवाई गई यानी आयातित चीनी का ही होना चाहिए। ऐसा इसलिए किया गया, ताकि देश के स्थानीय बाजार में चीनी की कोई कमी न हो और कीमतें नियंत्रण में रहें।

## गणेश विसर्जन के दौरान 4 की मौत

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ हैदराबाद**

तेलंगाना में हैदराबाद के शमशाबाद के पास एनएच-44 पर एक इनोवा कार सड़क हादसे का शिकार हो गई। इसमें चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक, सभी मृतक गणेश विसर्जन में शामिल होने के बाद महबूबनगर जिले के नवाबपेट मंडल स्थित अपने गांव मेट्टुगड्डा थांडा से शमशाबाद लौट रहे थे। हादसे में कार ड्राइवर साबावत अशोक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे इलाज के लिए शमशाबाद के ट्राइडेंट अस्पताल में भर्ती कराया गया है। शमशाबाद पुलिस हादसे की जांच कर रही है।

# उज्जैन में भी बदलेगा गौशालाओं को मिलने वाले अनुदान का गणित

## अब प्रति गाय 40 की जगह 30 रुपए नकद, 10 रुपए के दाने की व्यवस्था सरकार करेगी

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

पूरे प्रदेश के साथ ही अब उज्जैन में भी अनुदान प्राप्त गौशालाओं में गायों के चारे-दाने की व्यवस्था का तरीका बदलने जा रहा है। सरकार प्रत्येक गाय के लिए मिलने वाले 40 रुपए प्रतिदिन के अनुदान में से 10 रुपए की राशि नकद देने के बजाय पशु आहार उपलब्ध कराने पर खर्च करेगी। नई व्यवस्था लागू होने के बाद गौशाला संचालकों को प्रति गाय प्रतिदिन 30 रुपए नकद मिलेंगे, जबकि दाने की निर्धारित मात्रा सरकार की ओर से उपलब्ध कराई जाएगी।

प्रदेश में करीब 2964 अनुदान प्राप्त गौशालाओं में लगभग 5 लाख निराश्रित गौवंश रखा गया है। इन गौवंश के लिए पशु आहार उपलब्ध कराने पर सालाना करीब 180 करोड़ रुपए खर्च होने का अनुमान है। यह राशि मप्र स्टेट को-ऑपरेटिव डेयरी फेडरेशन (दुग्ध महासंघ) को दी जाएगी। महासंघ अपने पशु आहार संयंत्रों में तैयार कैटल फीड की आपूर्ति गौशालाओं तक करेगा। संभावना है कि नई व्यवस्था अगले माह से लागू हो सकती है।

### उज्जैन की गौशालाएं भी होंगी व्यवस्था में शामिल

नई व्यवस्था लागू होने के बाद उज्जैन जिले की अनुदान प्राप्त गौशालाओं में रखे जाने वाले गौवंश की संख्या के आधार पर पशु आहार की मात्रा निर्धारित की जाएगी। हर माह गौशालाओं में मौजूद गायों की संख्या के अनुसार दाने की आपूर्ति की जाएगी। इससे गौशाला संचालकों को दाना खरीदने के लिए अलग से राशि खर्च नहीं करनी होगी।वर्तमान में प्रदेश की अनुदान प्राप्त गौशालाओं को प्रति गाय प्रतिदिन 40 रुपए दिए जाते हैं। इसमें चारा-भूसा, दाना, रखरखाव सहित अन्य खर्च शामिल हैं। नई व्यवस्था के बाद करीब 720 करोड़ रुपए के सालाना प्रावधान में से लगभग 540 करोड़ रुपए नकद अनुदान के रूप में गौशालाओं को मिलेंगे, जबकि करीब 180 करोड़ रुपए पशु आहार की आपूर्ति पर खर्च होंगे। सरकार ने यह बदलाव कुछ गौशालाओं में गायों को पर्याप्त दाना नहीं मिलने की शिकायतों के बाद किया है। पशुपालन विभाग का मानना है कि दाने के लिए निर्धारित राशि सीधे गौशाला संचालकों को देने के बजाय पशु आहार उपलब्ध कराने से गौवंश को संतुलित आहार देने की व्यवस्था अधिक सुनिश्चित की जा सकेगी।

# पन्ना की धरती ने फिर उगला बेशकीमती रत्न

## 27.29 कैरेट का शानदार हीरा मिला, 2010 के बाद एनएमडीसी की खदान से दूसरा सबसे बड़ा

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ पन्ना**

हीरों की धरती पन्ना ने एक बार फिर देश को बेशकीमती रत्न दिया है। मध्यप्रदेश के पन्ना स्थित एनएमडीसी की मझगवां खदान में 15 सितंबर 2026 को 27.29 कैरेट का बेहतरीन क्वालिटी का हीरा मिला है। मशीनों से मार्च 2024 में दोबारा माइनिंग शुरू होने के बाद यह अब तक मिला सबसे बड़ा और बेहतर गुणवत्ता वाला हीरा बताया जा रहा है।

इस हीरे की खासियत सिर्फ इसका वजन ही नहीं, बल्कि इसकी चमक, रंग और आकार भी है। शुरूआती आकलन में हीरे की कीमत करीब 1.5 करोड़ से 2.5 करोड़ रुपए के बीच आंकी जा रही है। हालांकि अंतिम कीमत इसकी ग्रेडिंग और आगामी नीलामी में तय होगी। कुछ प्रारंभिक अनुमानों में इसकी कीमत 1.5 से 2 करोड़ रुपए के आसपास रहने की संभावना जताई जा रही है।



## गणेश गैलरी



महाकाल ग्रुप गणेशोत्सव समिति ,संतनगर बागपुरा के सिंह आसन पर आरूढ गणेश।

### एक माह से पूरी तरह बंद होने का आरोप

# 3 महीने से नियमित जलप्रदाय नहीं, हर छोटी परेशानी के लिए आंदोलन क्यों?

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

शहर में मूलभूत सुविधाओं को लेकर रहवासियों को बार-बार आंदोलन का सहारा लेना पड़ रहा है। कभी जलप्रदाय, कभी सफाई तो कभी सड़क और नालियों की समस्या को लेकर नागरिकों को अपनी आवाज उठानी पड़ती है। अब पांड्याखेड़ी क्षेत्र में जलप्रदाय की समस्या को लेकर भी आंदोलन की नौबत आ गई है।

पांड्याखेड़ी निवासी श्री विश्वकर्मा ने बताया कि क्षेत्र में करीब तीन महीने से नियमित जलप्रदाय नहीं हो रहा था। धीरे-धीरे स्थिति ऐसी हो गई कि पिछले करीब एक महीने से जलप्रदाय पूरी तरह बंद है। समस्या को लेकर कई बार शिकायत की गई, लेकिन शिकायत निराकृत होने के बजाय खारिज कर दी गई। रहवासी सवाल कर रहे हैं कि जब शिकायतों के बाद भी पानी नहीं मिल रहा तो आखिर वे करें तो क्या करें?

श्री विश्वकर्मा के अनुसार पांड्याखेड़ी में स्थिति की विचित्रता यह है कि एक ही गली में चार घर ऐसे हैं, जहां बिना मोटर के भी जलप्रदाय हो रहा है। इन परिवारों को टैंकर बुलाने की जरूरत तक नहीं पड़ती, जबकि आसपास की चार-पांच गलियों में लोग पानी के लिए परेशान हैं। उनका कहना है कि कई बार संबंधित अधिकारियों को समस्या बताई गई और पीएचई में भी शिकायत की गई, लेकिन समाधान नहीं हुआ।



### नालियां भरीं, कचरा भी समस्या

श्री विश्वकर्मा ने केवल जलप्रदाय ही नहीं, बल्कि क्षेत्र की सफाई व्यवस्था पर भी सवाल उठाए। उनका कहना है कि नालियां भरी पड़ी हैं और कचरा भी नियमित रूप से साफ नहीं होता। ऐसे में शहर को बेहतर सुविधाओं वाला और व्यवस्थित शहर बनाने के दावों पर भी सवाल खड़े होते हैं। उनका कहना है कि नागरिक शिकायतें करते हैं, विभागों में आवेदन देते हैं, पीएचई में शिकायत दर्ज कराते हैं और अपनी समस्या अधिकारियों तक पहुंचाते हैं, लेकिन जब कहीं से समाधान नहीं मिलता तो क्या नागरिकों के पास आंदोलन के अलावा कोई रास्ता बचता है?

### सर्वे की बात, मौके पर कोई नहीं पहुंचता



रहवासियों का कहना है कि समस्या की वास्तविक स्थिति जानने के लिए सर्वे होना चाहिए, लेकिन सर्वे के लिए कोई मौके पर पहुंचता ही नहीं। शिकायतें दर्ज कराने के बावजूद यदि अधिकारी स्थल का निरीक्षण नहीं करेंगे तो समस्या की वास्तविकता सामने कैसे आएगी? सवाल यह भी है कि एक ही क्षेत्र में कहीं पर्याप्त पानी और कहीं पूरी तरह जलसंकट की स्थिति क्यों है।

### छोटी-छोटी सुविधाओं के लिए आंदोलन क्यों?

रहवासियों का सवाल है कि पेयजल, सफाई, नालियों और सड़क जैसी मूलभूत सुविधाओं के लिए भी यदि नागरिकों को आंदोलन करना पड़े तो व्यवस्था की जवाबदेही किसकी है? शहर में एक के बाद एक समस्याओं को लेकर आंदोलन होना यह संकेत देता है कि शिकायतों के समाधान की व्यवस्था को जमीनी स्तर पर अधिक प्रभावी बनाने की जरूरत है। श्री विश्वकर्मा ने कहा कि उज्जैन को केवल नाम से सुविधायुक्त शहर बताने से काम नहीं चलेगा। नागरिकों को पानी, सफाई, सुरक्षित वातावरण और अन्य मूलभूत सुविधाएं नियमित रूप से मिलनी चाहिए। उनका कहना है कि व्यवस्था कब जागेगी और पांड्याखेड़ी के लोगों को नियमित जलप्रदाय कब मिलेगा, यह अब सबसे बड़ा सवाल है।

## अपनेतक

### दिया तले अंधेरा : प्रधानमंत्री के जन्मदिन का आयोजन और महापौर प्रकरण

प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर उज्जैन में दीप जलाने का आयोजन हुआ तो शहर रोशनी से जगमगा उठा, लेकिन इसी रोशनी के बीच उज्जैन की राजनीति में भी हलचल तेज होती दिखाई दी। एक तरफ दीपोत्सव को लेकर उत्साह था, तो दूसरी तरफ महापौर के साथ हुए घटनाक्रम को लेकर राजनीतिक गलियारों में चर्चाएं पहले से गर्म थीं।

महापौर प्रकरण ने सत्ता और संगठन के बीच तालमेल, जनप्रतिनिधियों के सम्मान तथा राजनीतिक व्यवहार को लेकर सवाल खड़े किए हैं। घटना को लेकर अलग-अलग पक्षों की अपनी-अपनी बातें हैं, लेकिन इतना जरूर है कि इसने उज्जैन की राजनीति में चर्चा का एक नया विषय जोड़ दिया है।

ऐसे माहौल में प्रधानमंत्री के जन्मदिन का भव्य दीपोत्सव हुआ तो आयोजन को भी राजनीतिक नजरों से देखा जाने लगा। किसकी भूमिका कितनी रही, किसे प्रमुखता मिली और आयोजन के जरिए क्या संदेश गया–इन सवालों पर राजनीतिक चर्चाएं होना स्वाभाविक था।

दीप प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर जल रहे थे, लेकिन उनकी रोशनी में उज्जैन की राजनीति के कई चेहरे और समीकरण भी दिखाई देने लगे। महापौर प्रकरण और दीपोत्सव, दोनों घटनाक्रमों को अलग-अलग देखने के बावजूद राजनीतिक माहौल में इनकी चर्चा एक साथ होना यह बताता है कि उज्जैन में अंदरखाने बहुत कुछ चल रहा है। वरिष्ठ नेताओं की चुप्पी, जनप्रतिनिधियों की भूमिका और सत्ता-संगठन के बीच संवाद–इन सब पर निगाहें टिकी हैं।

आयोजन समाप्त हो गया, दीप बुझ गए, लेकिन राजनीतिक चर्चाओं की लौ अभी बुझी नहीं है। आने वाले दिनों में घटनाक्रम किस दिशा में जाता है, यह तय करेगा कि यह केवल एक आयोजन की हलचल थी या उज्जैन की राजनीति में किसी बड़े बदलाव के संकेत।

फिलहाल इतना जरूर कहा जा सकता है– उज्जैन में दीप जले हैं, लेकिन सियासी गलियारों में सवाल भी रोशन हो गए हैं।



### धरा को प्रदूषण से बचाएं

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

दूधतलाई में भद्रबल युवा संगठन द्वारा शहरवासियों को पर्यावरण के पूरति जागरूक करने का प्रयास किया गया। संगठन ने अपने गणेश स्थापना के 23वे वर्ष मे पूर्णत प्राकृतिक सामग्री से निर्मित विशेल गणेश प्रतिमा की स्थापना की जो जनाकर्षण का केन्द्र बनी हुई है।

#### सुतली व टाट से बनी मोहक मूर्ति

गणेशजी की मूर्ति सुतली, जूट व टाट से बनाई गई है जो सुन्दर व मोहक है। इसके अलावा पूरे मंच को चटाई,सूखी घांस व खजूर की टहनियों से सुसज्जित किया गया है । मंच पर ही भद्रबल युवा संगठन ने जनता से आह्वान करता एक बोर्ड भी लगा रखा है जिसमे लिखा है पॉलीथिन मुक्त उज्जैन हमारा उद्देश्य। त्रिलोक यादव व मित्र मंडली की पर्यावरण संरक्षण की इस मुहिम की सराहना हो रही है।

### गोमाता से दुष्कर्म के आरोप पर आक्रोश, फांसी व मकान ढहाने की मांग

# शिवसेना गौरक्षा न्यास व हिन्दू टाइगर फोर्स ने नीलगंगा थाने में सौंपा ज्ञापन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

नीलगंगा थाना क्षेत्र की अंबर कॉलोनी में शुक्रवार रात गोमाता के साथ दुष्कर्म किए जाने के आरोप के बाद हिंदू संगठनों में आक्रोश है। घटना के विरोध में शिवसेना गौरक्षा न्यास एवं हिन्दू टाइगर फोर्स के कार्यकताओं ने नीलगंगा थाने पहुंचकर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में संगठनों ने मामले में आरोपी के विरुद्ध कठोरतम कार्रवाई करते हुए फांसी की सजा दिए जाने तथा उसके मकान को बुलडोजर से ध्वस्त करने की मांग की। प्रदर्शनकारियों ने आरोपी के एनकाउंटर की मांग भी उठाई। इस दौरान कुछ संत भी मौजूद रहे। संगठनों का कहना है कि गौमाता के साथ इस प्रकार का कृत्य करने वाले व्यक्ति के विरुद्ध ऐसी सख्त कार्रवाई होनी चाहिए, जिससे भविष्य में इस तरह की घटनाओं पर रोक लग सके। पुलिस द्वारा मामले की जांच कर आरोपों की पुष्टि और नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है।

### गौमाता से दुष्कर्म करनेवाले को फांसी दी जाए



नीलगंगा क्षेत्र की एक घटना ने सभी शहरवासियों को शर्मसार किया है। गत रात्रि नीलगंगा की अंबर कालोनी मे एक पापी व्यक्ति ने गौ के साथ बलात्कार किया जिसका विडिओ वायरल होने के बाद पूरे शहर आक्रोश व्याप्त है। शुक्रवार को शाम चार बजे मध्यप्रदेश शिवसेना गौरक्षा न्यास, हिन्दू टाइगर फोर्स व संत, साध्वी व सकल सनातन समाज के साथ नीलगंगा थाने पहुंचकर पुलिस को ऐसे पापी के खिलाफ शिकायत दर्ज करायी और ऐसा घृणित काम करनेवाले पिशाच को शीघ्र गिरफ्तार करने की मांग की। गौरक्षा न्यास के प्रमुख रूपेश ठाकुर ने मांग की कि ऐसे नरपिशाच को गिरफ्तार कर फांसी की सजा दी जाए।

### बेटी बचाओ के साथ अब गौ भी बचाओ

ज्ञापन देते हुए अटल अखाडे की साध्वी हरिप्रिया ने कहा कि पहले नारा दिया जाता रहा बेटी बचाओ पर आज की मांग है गौमाता को भी बचाओ क्योंकि अत्याचारी नरपिशाच अब गौ से भी रेप कर रहे हैं। उन्होने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि ऐसे पापी व्यक्ति का एनकाउंटर हो और उसके घर को बुलडोजर से जमींदोज किया जाए तभी अपराधियों मे खौफ पैदा होगा और गौमाता सुरक्षित रह पाएंगी। उन्होने गाय को राष्ट्र माता घोषित करने की भी मांग की। इस मौके पर पंचदशनाम जूना अखाडा के महंत नीलेश्वर पुरीजी ,मां मुक्तेश्वरीधाम पीठाधीश्वर शंकर लक्ष्मीनारायण जोशी, अमृता वैष्णव,राजकुमारी झांझोट,मनीष चौहान,शंकर गुरू, आशीष चौहान ,रवि कहार ,पं धर्मेन्द्र दुबे आदि उपस्थित थे।

# गणेश उत्सवः वार्ड 22 में गणपति को लगाया 11 हजार मोदकों का भोग, महाआरती भी की

### लोकमान्य तिलक गणेश उत्सव समिति ने शहर में स्थापित किए 250 मिट्टी के गणेश



ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

गनगौर दरवाजा स्थित वार्ड क्रमांक 22 में 18 सितंबर की शाम 7 बजे लोकमान्य तिलक गणेश उत्सव समिति कार्तिक चौक मंडल द्वारा विराजित गणपति की भव्य महाआरती की गई। इस दौरान भगवान गजानन को 11 हजार मोदकों का भोग लगाकर श्रद्धालुओं में प्रसाद वितरित किया गया। यह महाआयोजन उज्जैन उत्तर विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा के नेतृत्व में किया गया।

विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा के संकल्प के तहत लोकमान्य तिलक गणेश उत्सव समिति द्वारा शहर के अलग-अलग वार्डों और गलियों में 250 सार्वजनिक पांडालों में मिट्टी के गणेश की स्थापना की गई है। इसी क्रम में वार्ड 22 में सोनल अजय जोशी की अगुवाई में प्रतिमा स्थापना और पूजन किया गया।

महाआरती और पूजन कार्यक्रम में बड़ा उदासीन अखाड़ा के गादीपति सत्यानंद, कपिल कटारिया, उज्जैन विकास प्राधिकरण अध्यक्ष रवि सोलंकी और भाजपा नगर जिला महामंत्री जगदीश पांचाल विशेष रूप से शामिल हुए। इस अवसर पर कार्तिक चौक मंडल अध्यक्ष नवीन यादव, विकास व्यास, महामंत्री आशीष यादव, उपाध्यक्ष उत्तम दुबे, नारायण पटेल, मदन यादव, सिद्धनाथ, राहुल, श्रीनाथ, अजय जोशी कुंड वाला गुरु, संजय जोशी कुंड वाला गुरु, मोहन गुरु डंडा वाला, रवि त्रिवेदी डंडे वाला, राजेश जोशी उदासी गौर और समस्त गुरु मंडली द्वारा महाआरती की गई। आयोजन में एल्डरमैन अरविंद उपाध्याय, कविता राठोर, भारती गुप्ता, मंजू कसेरा, दिव्या दुबे, विजय सहित वार्ड के सभी कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में नागरिक मौजूद रहे।

# धर्म के रास्ते पर ही चलकर सत्ता हासिल हो सकती है-पं. विष्णु भट्ट



ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

धर्म ही दिलाता है राज्य सत्ता चतुर्थ दिवस पर क्षत्रिय राठौर धर्मशाला कार्तिक चौक में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के अंतर्गत आचार्य पंडित श्री विष्णु कुमार भट्ट ने प्रसंग में कहा है कि धर्म क्या नहीं दिला सकता ? धर्म से ही लोग राज प्राप्त करते हैं,धर्म से ही यश प्राप्त होता है, धर्म के बल पर मानव ही नहीं अपितु देवता भी बाल को प्राप्त करते हैं।

कथा के द्वितीय चरण मे भगवान श्री राम-सीताजी का विवाह विधि- विधान से सम्पन्न कराया, इस अवसर पर माता-बहनों व समाज बंधुओं आकर्षक नृत्यों कर विवाह उत्सव का आनंद लिया, पश्चात कृष्ण जन्मोत्सव बडे धूमधाम से मनाया गया... नंद के घर आनंद भयो... जय कन्हैया लाल की ड्डट्टधून पर उपस्थित जन समुदाय भाव विभोर विभोर होकर नाचने-झूमने लगे, चतुर्थ दिवस के मुख्य यजमान प्रहलाद जी राठौर (अब्दालपुरा) थे, पंचम दिवस के मुख्य यजमान मनोहरलाल (एडवोकेट) हैं।

### मंडी प्रांगण के गणेश मंदिर में छप्पन भोग लगाकर हुई महाआरती



**उज्जैन।** गणेश महोत्सव के तहत मंडी परिसर स्थित श्री गणेश मंदिर में मंडी युवा टीम द्वारा महाआरती और प्रसादी वितरण का आयोजन किया गया। भगवान गणेश को विशेष पोशाक पहनाकर छप्पन भोग लगाया गया। सुबह 11:15 बजे हुई भव्य महाआरती में करीब 800 श्रद्धालु शामिल हुए। इसके बाद 1500 से अधिक लोगों ने फरियाली खिचड़ी की प्रसादी ग्रहण की। आयोजन में मंडी के व्यापारी, किसान, मंडी समिति के अधिकारी-कर्मचारी, तुलावटी संघ और हम्माल संघ के सदस्यों ने उत्साह के साथ हिस्सा लिया। इस मौके पर मंदिर की आकर्षक पुष्प सज्जा की गई थी। पूरा मंडी परिसर भक्ति और उत्साह से सराबोर रहा। मंडी युवा टीम ने बताया कि यह आयोजन केवल धार्मिक आस्था का नहीं, बल्कि आपसी प्रेम और सामाजिक एकता को मजबूत करने का अवसर भी है। भविष्य में भी मंडी परिवार की एकजुटता के साथ ऐसे धार्मिक आयोजन किए जाएंगे। आयोजन को सफल बनाने में शिवम राठौड़, आदिश जैन, गौरव सोलंकी, मनीष राठी और यश गर्ग सहित युवा टीम की अहम भूमिका रही। टीम ने आयोजन में सहयोग करने वाले सभी वरिष्ठजनों, पदाधिकारियों और संगठनों का आभार माना।

### अंतर्राष्ट्रीय कबीर पंथ महासंघ की बैठक में उठी मांग, हिमाचल प्रदेश राज्य समिति का भी हुआ गठन

**उज्जैन।** सद्गुरु कबीर साहेब के व्यक्तिगत जीवन पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाले मनु भैया का अंतर्राष्ट्रीय कबीर पंथ महासंघ ने कड़ा विरोध किया है। महासंघ ने चेतावनी दी है कि यदि मनु भैया ने अपने शब्द वापस लेकर सार्वजनिक रूप से माफी नहीं मांगी, तो उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। यह निर्णय हिमाचल प्रदेश के मंडी स्थित सद्गुरु कबीर साहेब गुरुद्वारा में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय कबीर पंथ महासंघ की महत्वपूर्ण बैठक में लिया गया। महासंघ के राष्ट्रीय महासचिव एफसी भगत की ओर से जारी सूचना में स्पष्ट किया गया है कि बिना किसी ऐतिहासिक और प्रामाणिक तथ्य के की गई ऐसी टिप्पणियों से अनुयायियों की भावनाएं आहत हुई हैं, जिसे संगठन बर्दाश्त नहीं करेगा।

# सड़क पर बोरिंग कर छोड़ा गड्ढा, दो दिन से मोहल्ला बेहाल

### गंदगी, मच्छर और बदबू से रहवासी परेशान, वार्ड 44 की व्यवस्था पर सवाल

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

वार्ड नंबर 44 की राजस्व कॉलोनी में रघुकुल अपार्टमेंट के पास सड़क पर ही बोरिंग का काम कर दिया गया, लेकिन काम के बाद सड़क की स्थिति को व्यवस्थित करने की जिम्मेदारी जैसे किसी को याद ही नहीं रही। पिछले दो दिनों से सड़क और आसपास का क्षेत्र गंदगी से घिरा हुआ है। पानी और कीचड़ के कारण जगह-जगह गंदगी जमा है, जिससे मच्छरों का प्रकोप और बदबू ने रहवासियों की परेशानी बढ़ा दी है।

पत्रकार राजेश सिंह पांडला का कहना है कि सड़क सार्वजनिक आवागमन के लिए है, बावजूद इसके यहां बोरिंग कर सड़क को अस्त-व्यस्त छोड़ दिया गया। न तो गंदगी की सफाई कराई गई और न ही सड़क को तत्काल व्यवस्थित करने की पहल दिखाई दे रही है। हालत यह है कि आसपास रहने वाले लोगों के साथ राहगीरों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।



शहर में स्वच्छता को लेकर बड़े-बड़े दावे किए जाते हैं, लेकिन वार्ड 44 की राजस्व कॉलोनी की यह तस्वीर उन दावों की हकीकत सामने ला रही है। रहवासियों का सवाल है कि सड़क पर बोरिंग की अनुमति किस आधार पर दी गई और काम पूरा होने के बाद सड़क की सफाई एवं मरम्मत की जिम्मेदारी किसकी है?

### न्यायालय के आदेश के बाद अजाक्स मामले में जालसाजी का प्रकरण दर्ज

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

अजाक्स संगठन से जुड़े भोपाल स्थितअजाक्स भवन एवं सदस्यता संबंधी मामले में लंबे संघर्ष के बाद संगठन को न्यायालय से राहत मिली है। न्यायालय के आदेश के बावजूद कार्रवाई नहीं होने पर अजाक्स पदाधिकारियों ने भोपाल में धरना-प्रदर्शन कर पुलिस से कार्रवाई की मांग की थी तथा डीजीपी भोपाल को कार्रवाई के संबंध में ज्ञापन दिया गया था। इसके बाद पुलिस ने मामले को संज्ञान में लेते हुए न्यायालय के आदेश के अनुसार आरोपी के खिलाफ जालसाजी समेत अन्य धाराओं में प्रकरण दर्ज कर लिया है। कार्रवाई के बाद उज्जैन जिले के अजाक्स संगठन में खुशी की लहर है। न्यायालय के आदेश के बावजूद कार्रवाई में देरी को लेकर अजाक्स पदाधिकारियों ने मामले की शिकायत पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों तक पहुंचाई थी। शिकायत डीजीपी कैलाश मकवाना और पुलिस कमिश्नर संजय कुमार तक पहुंचने के बाद टीटी नगर पुलिस ने लंबित मामले में कार्रवाई करते हुए प्रकरण दर्ज किया। अजाक्स के जिला अध्यक्ष डॉ. आरएल परमार ने कहा कि लंबे संघर्ष के बाद संगठन को न्याय मिला है। उन्होंने न्यायालय का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि न्यायालय के आदेश का पालन करते हुए आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। उन्होंने मुख्यमंत्री, गृह मंत्री एवं मध्य प्रदेश सरकार का भी संगठन की ओर से आभार व्यक्त किया। तथा माननीय मुख्यमंत्री जी से आगरा किया कि भोपाल स्थित अजाक्स भवन पर जो पुलिस के संरक्षण में मुकेश मौर्य द्वारा अनधिकृत रूप से कब्जा जमाए बैठा है उसे हटाया जाए।

### नितिन नवीन और मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का कायस्थ समाज ने किया अभिनंदन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रथम बार बाबा महाकाल की नगरी पहुंचे विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन का कायस्थ समाज द्वारा आत्मीय स्वागत किया गया। सदावल स्थित हवाई पट्टी पर चित्रगुप्त मंदिर सार्वजनिक न्याय ट्रस्ट के मीडिया प्रभारी मंगेश श्रीवास्तव ने समाज की ओर से नितिन नवीन और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को मोतियों की माला और केसरिया दुपट्टा पहनाकर अभिनंदन किया। इस दौरान कायस्थ समाज द्वारा नितिन नवीन को भगवान चित्रगुप्त की तस्वीर भेंट की गई। मीडिया प्रभारी मंगेश श्रीवास्तव ने उन्हें भगवान चित्रगुप्त मंदिर के दर्शन करने का मौखिक आमंत्रण भी दिया। इस अवसर पर मुख्य रूप से प्लान श्रीवास्तव, शिव श्रीवास्तव, प्रियांशु श्रीवास्तव, उमेश श्रीवास्तव और पीसी श्रीवास्तव उपस्थित रहे।

उज्जैन
शनिवार
19
सितम्बर, 2026

दैनिक ब्रह्मास्त्र




## खबर एक नजर...

### मंदिर से अष्टधातु की 3 मूर्तियां चोरी, दानपेटी भी ले गए चोर

**इंदौर।** मांगलिया क्षेत्र के एक मंदिर में देर रात अज्ञात चोरों ने धावा बोलकर भगवान की अष्टधातु की तीन मूर्तियां और दानपेटी चोरी कर ली। वारदात की जानकारी सुबह तब हुई, जब मंदिर के सेवक पूजा-पाठ के लिए पहुंचे। सूचना मिलने पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। दिलीप जैन, जो बीते 20 वर्षों से मंदिर में सेवादार के पद पर कार्यरत हैं, ने बताया कि 16 सितंबर की रात करीब 2 बजे वह भजन-कीर्तन करने के बाद मंदिर परिसर में सो गए थे। सुबह करीब 5:30 बजे पूजा-पाठ के लिए उठे और मुख्य गेट खोलकर अंदर पहुंचे तो देखा कि मंदिर के साइड वाले छोटे गेट का ताला टूटा हुआ था। अंदर जाकर देखने पर पता चला कि मंदिर से अष्टधातु की तीन मूर्तियां- भगवान शांतिनाथ, भगवान आदिनाथ और भगवान महावीर- और एक दानपेटी गायब थी। चोरी गए सामान और नकदी की कुल अनुमानित कीमत करीब 95 हजार रुपए बताई जा रही है। घटना के तुरंत बाद मंदिर ट्रस्ट के पदाधिकारियों को सूचना दी गई। इसके बाद थाने में शिकायत दर्ज कराई गई। पुलिस ने धारा 331(4), 305(I) के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस आसपास के रास्तों की जांच करने के साथ संदिग्धों से पूछताछ कर चोरों की तलाश में जुटी है।

### अनाज मंडी में निवेश के नाम पर 1.43 करोड़ रुपए ठगे, दो गिरफ्तार

**इंदौर।** अनाज मंडी के कारोबार में निवेश के नाम पर 1 करोड़ 43 लाख की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। क्राइम ब्रांच ने दो आरोपियों गौरव जैन और आकाश जैन को गिरफ्तार किया है। एडिशनल डीसीपी राजेश दंडोतिया ने बताया, कंवलदीप सिंह रीन निवासी अरावली परिसर की रिपोर्ट पर दो आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। दोनों ने निवेश का झांसा देकर अलग-अलग समय में बैंक खातों में रुपए लिए थे। फरियादी ने रुपए लौटाने के लिए कहा तो न तो पैसे और न ही मुनाफे की रकम लौटाई। बैंक खातों के लेन-देन, मोबाइल नंबरों की जांच व दस्तावेजों के आधार पर दोनों को आरोपी बनाकर उनकी गिरफ्तारी ली है। गौरव के खिलाफ पहले से 8 और आकाश पर 2 केस दर्ज हैं। फरियादी ने बताया, आरोपियों ने अनाज मंडी के व्यापार में निवेश पर बड़े मुनाफे का ऑफर दिया था। इसी भरोसे 1.43 करोड़ उनके बताए खातों में ट्रांसफर कर दिए। कुछ समय बाद जब राशि मांगी तो वे आनाकानी करने लगे। पुलिस आरोपियों के लेन-देन से जुड़े लोगों की भी जांच कर रही है।

### घर के बाहर खेल रहे तीन साल के बच्चे को स्कूल वैन ने कुचला, मौत

**इंदौर।** घर के बाहर खेल रहे तीन साल के बच्चे को स्कूल वैन ने कुचल दिया। परिजन उसे अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां दोपहर में उसकी मौत हो गई। जानकारी अनुसार 3 साल का जीत रोज की तरह शुक्रवार को घर के बाहर खेल रहा था। सुबह करीब 8 बजे जीत के बड़े पापा के बेटे (5) को लेने के लिए स्कूल वैन आई थी। चालक ने लापरवाही से वैन को घर की तरफ मोड़ दिया और दरवाजे पर खड़े मासूम को रौंद दिया। लहूलुहान हालत में परिजन उसे तुरंत निजी अस्पताल ले गए, जहां से चोइथराम अस्पताल रैफर कर दिया। दोपहर 12 बजे डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। हादसे के बाद वैन चालक भाग गया। राऊ पुलिस के अनुसार हादसा शुक्रवार सुबह रंगवासा में हुआ। जीत पिता विनोद ठाकुर घर के बाहर खेल रहा था। तभी स्कूल वैन उसके बड़े पिता के बेटे को लेने आई, वैन ने जीत को रौंद दिया। वैन जब्त, ड्राइवर की तलाश जारी : अस्पताल में करीब चार घंटे तक जिंदगी के लिए जूझने के बाद 12 बजे जीत ने दम तोड़ दिया। घटना के बाद चालक फरार हो गया। वैन जब्त कर पुलिस आरोपी चालक को तलाश रही है। जीत के पिता मजदूरी करते हैं।

### डेबिट कार्ड हैक कर दो मोबाइल खरीदे, किश्तों के लिए आए कॉल से ठगी का पता चला

**इंदौर।** कनाड़िया क्षेत्र में निजी फर्म में काम करने वाले रंजीत कुमार भंडारी के डेबिट कार्ड का इस्तेमाल कर अज्ञात व्यक्ति ने आईफोन समेत दो मोबाइल खरीद लिए। दोनों मोबाइल की कीमत करीब 1 लाख 10 हजार रुपए है। रंजीत को ठगी की जानकारी तब लगी, जब बैंक से किश्तें जमा नहीं होने का कॉल आया। कनाड़िया पुलिस ने रंजीत की शिकायत पर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। रंजीत ने बताया कि 27 तारीख को एचडीएफसी बैंक से कॉल आया। बैंक ने बताया कि उनके डेबिट कार्ड से आईफोन 16 और एक अन्य कंपनी का फोन खरीदा गया है और दोनों की एटक जमा नहीं हुई है। बैंक से कॉल आने के बाद रंजीत एचडीएफसी बैंक पहुंचे और जानकारी ली। वहां पता चला कि जनवरी 2026 में अज्ञात व्यक्ति ने उनका डेबिट कार्ड हैक कर दो मोबाइल खरीदे थे। दोनों मोबाइल की खरीदारी ऑनलाइन वेबसाइट फ्लिपकार्ट से की गई थी। रंजीत ने मामले की शिकायत साइबर पुलिस से की। पुलिस ने दोनों मोबाइल की ऑनलाइन जानकारी निकाली। इसमें पता चला कि एक मोबाइल दिल्ली में राहुल नाम का व्यक्ति चला रहा है, जबकि दूसरा पुणे में उज्वल नाम के युवक के पास है। पुलिस अब दोनों मोबाइल नंबरों के यूजर्स से बात कर रही है।

### इंदौर में शादी का झांसा देकर युवती से बनाए संबंध

**इंदौर।** विजय नगर थाना क्षेत्र में 28 वर्षीय युवती ने एक युवक पर शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने और मारपीट कर सिगरेट से जलाने का आरोप लगाया है। पुलिस ने युवती की शिकायत पर गौरव (पिता संजय कुमार) के खिलाफ दुष्कर्म सहित गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक युवती अक्टूबर 2024 में पढ़ाई के लिए इंदौर आई थी। कॉमन हॉस्टल में उसकी पहचान गौरव से हुई। दोनों के बीच बातचीत शुरू हुई और वे साथ घूमने भी जाने लगे। बाद में गौरव अलग जगह रहने लगा। युवती का आरोप है कि अगस्त 2025 में वह गौरव के फ्लैट पर गई थी। यहां आरोपी ने शादी का भरोसा देकर उसके साथ संबंध बनाए।

### नेता प्रतिपक्ष जेन-जी के मुद्दों पर बात करेंगे, कांग्रेस का दावा-2 लाख रजिस्ट्रेशन हुए, एंट्री के लिए 5 शर्तें

# छात्रों की गूंज आज, राहुल गांधी इंदौर में 7 घंटे रहेंगे

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर**

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी शनिवार (19 सितंबर) को इंदौर में छात्रों की गूंज कार्यक्रम के जरिए जेन-जी से उनके मुद्दों पर बात करेंगे। राहुल दोपहर 2 बजे इंदौर पहुंचेंगे। शाम साढ़े 5 बजे रीजनल पार्क के सामने स्थित आईडीए ग्राउंड में कार्यक्रम में शामिल होंगे।

छात्र शिक्षा, रोजगार, पेपर लीक, प्रतियोगी परीक्षाओं और परीक्षा प्रणाली से जुड़े सवाल राहुल गांधी से कर सकेंगे। राहुल गांधी का इंदौर में पहला और देश में 5वां कार्यक्रम है।

कांग्रेस का दावा है कि कार्यक्रम के लिए करीब 2 लाख रजिस्ट्रेशन हुए हैं, जबकि प्रशासन को करीब 15 हजार विद्यार्थियों के शामिल होने की जानकारी दी गई है। इस कार्यक्रम को 31 शर्तों के साथ




अनुमति दी गई है।

**15-29 साल के 37 करोड़ युवाओं पर फोकस की ये वजह-** शहरी क्षेत्रों में सबसे ज्यादा बेरोजगारी

सरकार के पीरियोडिक लेबर फोर्स सर्वे 2025 के मुताबिक, 15 से 29 साल के युवाओं में बेरोजगारी दर 9.9% है। ग्रामीण इलाकों में युवाओं की बेरोजगारी दर 8.3%, जबकि शहरों में यह 13.6% है। पुरुष युवाओं में यह दर 9.3% और महिला युवाओं में 11.3% है। वहीं, 15 से 29 साल के 24.9% युवा ठएएळ थे। इसका मतलब है- न नौकरी, न पढ़ाई और न कोई ट्रेनिंग।

**देश में हर चौथा वोटर जेनजी-** चुनाव आयोग के मुताबिक, लोकसभा चुनाव 2024 के दौरान देश के कुल मतदाताओं में 18-29 साल के वोटरों की हिस्सेदारी 22.78% थी। यानी लगभग हर 4 में से एक वोटर जेन-जी है।

### राहुल गांधी, बदला रहेगा ट्रैफिक प्लानः 13 रास्तों पर भारी वाहन बैन, फोर व्हीलर के लिए 5 रास्ते नो-व्हीकल जोन

पुलिस ने ट्रैफिक व्यवस्था के लिए डायवर्शन प्लान जारी किया है। यह व्यवस्था दोपहर 1 बजे से कार्यक्रम खत्म होने तक लागू रहेगी। जरूरत और ट्रैफिक दबाव के अनुसार इसमें बदलाव किया जा सकता है।

- **एयरपोर्ट से रेडिसन तक 5 जगह स्वागत-** शहर अध्यक्ष चिंटू चौकसे के मुताबिक, एयरपोर्ट पर स्वागत के बाद लवकुश चौराहा, एमआर-10 चौराहा, विजय नगर चौराहा और रेडिसन के समीप राहुल गांधी का स्वागत किया जाएगा। इसके बाद वे रेडिसन होटल पहुंचेंगे। राहुल गांधी शाम करीब 5 बजे भारत जोड़े मैदान (रीजनल पार्क के सामने) स्थित कार्यक्रम स्थल के लिए रवाना होंगे। वे यहां करीब साढ़े तीन घंटे रहेंगे। हालांकि मंच पर मौजूद रहने का समय करीब एक घंटे का रहेगा। इसके बाद रात 9 बजे वे एयरपोर्ट से दिल्ली के लिए रवाना होंगे।
- **पुलिस की लोगों से अपील-** पुलिस ने लोगों से निर्धारित पार्किंग स्थल पर ही वाहन पार्क करने और परिवर्तित मार्गों का उपयोग करने की अपील की है। भीड़ और अनावश्यक यातायात दबाव वाले क्षेत्रों में वाहन लाने से बचने को कहा गया है। जरूरत के अनुसार पीक-एंड-ड्रॉप और किराये के दोपहिया वाहनों का उपयोग करने की सलाह भी दी गई है। एंबुलेंस, फायर ब्रिगेड, पुलिस और अन्य अति-आवश्यक सेवाओं के वाहनों पर कोई प्रतिबंध लागू नहीं होगा।

# राहुल को प्रपोज करने दिल्ली से आई युवती

## शादी करना चाहती हूं, करीना डेट करना चाहती थीं तो आम लड़की क्यों नहीं

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर**

इंदौर में शनिवार को हो रहे कांग्रेस के छात्रों की गूंज कार्यक्रम में शामिल होने के लिए एक युवती देवोश्री मुखर्जी दिल्ली से इंदौर पहुंची है। उसने कांग्रेस नेता राहुल गांधी से शादी करने की इच्छा जताई। कहा कि अगर अभिनेत्री करीना कपूर राहुल गांधी को डेट करना चाहती थीं, तो एक आम लड़की भी उनसे शादी की इच्छा रख सकती है। देवोश्री ने कहा कि वह चाहती है कि राहुल गांधी की शादी उससे हो। उसके मुताबिक, राहुल गांधी जिन मुद्दों को लेकर बात करते हैं, उनका युवाओं पर प्रभाव पड़ता है। इसी वजह से वह उन्हें सुनने के लिए दिल्ली से इंदौर पहुंची है।

**कई लड़कियां खुले मंच से करेंगी प्रपोज-** युवती ने दावा किया कि राहुल गांधी को सुनने के लिए बड़ी संख्या में युवा और छात्र कार्यक्रम में पहुंचेंगे। उसने यह भी कहा कि कई लड़कियां राहुल गांधी को खुले मंच से प्रपोज



करना चाहती हैं।

हालांकि, मंच से प्रपोज करने को लेकर युवती की बात उसके व्यक्तिगत विचार और दावे के तौर पर सामने आई है। कार्यक्रम के दौरान वास्तव में ऐसी कोई स्थिति बनती है या नहीं, यह आयोजन के समय ही स्पष्ट होगा।

**राघव चैतन्य की प्रस्तुति भी होगी-** कार्यक्रम में राहुल गांधी के संवाद के साथ सिंगर राघव चैतन्य की प्रस्तुति भी होगी। इसे लेकर भी युवाओं में उत्साह है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र और युवा शामिल होने की तैयारी में हैं।

### 300 फीट का पोस्टर लेकर सड़कों पर निकले जेन-जी

- राहुल गांधी के छात्रों की गूंज कार्यक्रम का 300 फीट का पोस्टर लेकर सड़कों पर लेकर सेकड़ों युवा शामिल हुए। यह पोस्टर एनएसयूआई के प्रदेश प्रभारी रवि दांगी और राज पटेल के नेतृत्व में बनाया गया।
- पोस्टर के साथ भंवरकुआं क्षेत्र में रैली निकाली और युवाओं से कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की। रवि दांगी ने बताया कि कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जेन-जी शामिल होंगे।

कार्यक्रम के लिए रीजनल पार्क स्थित मैदान को कांग्रेस ने भारत जोड़ो ग्राउंड नाम दिया है। इसी मैदान पर राहुल गांधी युवाओं और छात्रों से संवाद करेंगे। कार्यक्रम को लेकर कांग्रेस की ओर से बड़ी संख्या में युवाओं के जुटने का दावा किया जा रहा है।

## कुटिलता छोड़ो, सरल बनो - जीवन में जो जितना सहता है, वही ऊँचा उठता है : पट्टाचार्य विशुद्धसागर जी

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर**

पर्वाधिराज दशलक्षण पर्व के अंतर्गत धर्मसभा में श्रमण संस्कृति के महामहिम पट्टाचार्य श्री 108 विशुद्धसागर जी महाराज ने हजारों श्रावकों को संबोधित करते हुए कहा - जीवन में जो जितना सहन कर लेता है, वह उतना ही ऊँचाइयों को प्राप्त कर लेता है। धैर्य इंसान को भगवान बना देता है। संकटों में जो सहन कर लेता है, वही शक्तिशाली बन जाता है। विचार ही जीवन है - गुरुदेव ने कहा कि पुण्यक्षीण व्यक्ति के विचार, खान-पान, रहन-सहन, भाषा और व्यवहार निम्न ही होते हैं। जिसका विनाश सुनिश्चित है, उसकी बुद्धि भी क्षीण हो जाती है। विचारों के अनुसार ही व्यक्ति का जीवन बनता है। विचारों की पवित्रता से व्यक्ति उच्चता प्राप्त करता है और निम्नता से निम्नता को। जो अपने विचारों को संभाल लेता है, उसका जीवन स्वयंमेव संभल जाता है।

**शल्य छोड़ो, समाधि अपनाओ -** महाराज जी ने कहा कि जिसके मन में संकल्प-विकल्प, कल्पना, कुपित परिणाम और पश्चाताप होते हैं, वह शांति से नहीं जी पाता। शल्य दुःखदायी है। जो बात अशांति उत्पन्न करे, चित्त भ्रांत करे, बुद्धि का ह्रास करे, चिंता और अपयश का कारण बने, उनसे प्रयत्नपूर्वक दूर रहना चाहिए। गृहस्थी के जाल में फंसा व्यक्ति उसी जाल में मृत्यु को प्राप्त होता है। प्रभुता के बंधन से पार होना सरल है, पर गृहस्थी के जंजाल से निकलना अत्यंत कठिन है। गुरुदेव ने कहा कि लक्षण से लक्ष्य का बोध होता है, दूरी से घर का और घंटी से मंदिर का। व्यक्ति की भाषा, वेश और भोजन से उसके आंतरिक भावों और कुल का बोध होता है। जैसे भाव करोगे, वैसे ही फल मिलेंगे।

## फुटकर दुकान लगाने की बात पर राजवाड़ा पर विवाद, व्यापारी पहुंचे थाने

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर**

शुक्रवार शाम सराफा बाजार में गोपाल मंदिर के पास फुटपाथ पर दुकान लगाने को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। इस दौरान बीजेपी से जुड़े नेता नितेश चौरसिया से मारपीट का आरोप है।

नितेश ने मारपीट करने वाले युवक पर चाकू से हमला करने और कट्टा दिखाकर धमकाने का आरोप लगाया। इसके बाद सराफा के व्यापारी थाने पहुंचे और आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग को लेकर घेराव किया। टीआई राजकुमार लिटोरिया के मुताबिक, नितेश चौरसिया बीजेपी के पिछड़ा वर्ग मोर्चा के नगर मंत्री हैं। शुक्रवार शाम सराफा में फुटपाथ पर दुकान लगाने को लेकर दुकानदारों से उनका विवाद हुआ था। इसी दौरान मीनू जोशी वहां पहुंचा। दुकान अपने घर के पास लगवाने की बात को लेकर विवाद बढ़ गया। आरोप है कि इसके बाद मीनू और उसके साथी ने नितेश के साथ मारपीट की। मारपीट के बाद नितेश राजबाड़ा और सराफा के दुकानदारों के साथ थाने पहुंचे। उन्होंने आरोपी मीनू पर कड़ी कार्रवाई की मांग की। बताया जाता है कि इस दौरान व्यापारियों ने नारेबाजी भी की। उनका कहना था कि व्यापारी संगठन के पदाधिकारियों पर इस तरह के हमले बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे।

### 25 सितंबर से ऑनलाइन टिकट, वेबसाइट या मोबाइल ऐप के जरिए टिकट खरीद सकेंगे

# इंदौर में 11 अक्टूबर को भारत-वेस्टइंडीज टी-20

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर**

इंदौर में 11 अक्टूबर को भारत और वेस्टइंडीज के बीच होने वाले टी-20 मुकाबले के टिकटों की ऑनलाइन बिक्री 25 से शुरू होगी। मैच के सभी टिकट ऑनलाइन ही उपलब्ध होंगे। एमपीसीए ने इसके लिए डिस्ट्रिक्ट बाय जोमेटो को आधिकारिक टिकटिंग एजेंसी बनाया है। फैंस वेबसाइट या मोबाइल ऐप के जरिए टिकट खरीद सकेंगे।

**1 हजार से शुरू होगी टिकट की कीमत-** होलकर स्टेडियम में मैच देखने के लिए दर्शकों को कम से कम 1 हजार रुपए खर्च करने होंगे। यह सबसे सस्ते टिकट की कीमत है। वहीं, पैवेलियन का टिकट 12 हजार 500 रुपए का होगा।



बाकी कैटेगरी के टिकटों की कीमत एमपीसीए जल्द जारी करेगा। टिकटों की कालाबाजारी रोकने के लिए एक व्यक्ति को अधिकतम 4 टिकट खरीदने की अनुमति होगी। इससे ज्यादा दर्शकों को टिकट मिलने का मौका मिलेगा।

**शाम 7 बजे शुरू होगा मुकाबला-** भारत-वेस्टइंडीज के बीच पांच मैचों की टी-20 सीरीज 6 अक्टूबर से शुरू होगी। इंदौर में सीरीज का तीसरा मुकाबला 11 अक्टूबर को शाम 7 बजे खेला जाएगा। इससे पहले 6 अक्टूबर को लखनऊ और 9 अक्टूबर को रांची में दोनों टीमें आमने-सामने होंगी। सीरीज के आखिरी दो मुकाबले हैदराबाद और बेंगलुरु में खेले जाएंगे।

**होलकर में मुकाबले का इंतजार खत्म होने वाला-** इंदौर के क्रिकेट फैंस लंबे समय से इस मुकाबले का इंतजार कर रहे हैं। एमपीसीए की ओर से टिकट बिक्री का शेड्यूल जारी होने के बाद अब मैच देखने के लिए टिकट हासिल करने की प्रक्रिया भी साफ हो गई है।

### इंदौर में 23-24 अक्टूबर को होगी इन्वेस्टर समिटःदिल्ली में सीएम ने जापानी, अमेरिकी सेमीकंडक्टर कंपनियों को दिया न्योता

# निवेशकों को प्रदेश की नीतियों और संभावनाओं से अवगत कराया जाएगा

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर**

मध्यप्रदेश में निवेश लाने के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने दिल्ली में सेमीकॉन इंडिया-2026 में देश-विदेश की सेमीकंडक्टर और चिप डिजाइनिंग कंपनियों के प्रतिनिधियों से मुलाकात कर उन्हें मध्यप्रदेश में निवेश के लिए आमंत्रित किया। वहीं केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा से मुलाकात में प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं और चिकित्सा शिक्षा के विस्तार की समीक्षा की गई।

सीएम ने बताया कि 23-24 अक्टूबर को इंदौर में बड़ा इन्वेस्टर समिट होगा, जिसमें सेमीकंडक्टर सहित विभिन्न क्षेत्रों के निवेशकों को प्रदेश की नीतियों और संभावनाओं से अवगत कराया जाएगा।

**जापान, कोरिया, अमेरिका की कंपनियों से मुलाकात-** मुख्यमंत्री ने यशोभूमि में आयोजित सेमीकॉन इंडिया-2026 में मध्यप्रदेश पवेलियन का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने पारस सेमीकंडक्टर्स, थॉमसन सेमीकंडक्टर्स, स्प्रिन्टोनिक्स एआई, एनएक्सपी इंडिया, मार्वल सेमीकंडक्टर्स, एलएंडटी



सेमीकंडक्टर्स और स्वदेश आईसी सेमीकंडक्टर्स सहित कई कंपनियों के प्रतिनिधियों से चर्चा की। इंटरनेशनल सेमीकंडक्टर इंडस्ट्री ग्रुप के प्रतिनिधियों से भी मुलाकात हुई। इनमें जापान की एक्रेटेक, केनन और कैइजो, कोरिया की हनवा और जेनसेम इंक तथा अमेरिका की मेकडरमिड अल्फा के प्रतिनिधि शामिल थे। जापान की आक्साईड कॉर्पोरेशन, स्केल फोटोनिक्स और इम्प्यूट इंक के प्रतिनिधियों से भी निवेश और तकनीकी सहयोग पर चर्चा की गई।

**एक साल में 520 एमबीबीएस सीट बढ़ीं-** बैठक में बताया गया कि मध्यप्रदेश में 2026 में एमबीबीएस सीटों की संख्या 5,600 से बढ़कर 6,120 हो गई है। यानी एक साल में 520 सीट बढ़ी हैं। सरकारी मेडिकल कॉलेजों में सुपर स्पेशियलिटी सीटें 63 से बढ़कर 73 और निजी मेडिकल कॉलेजों में 29 से बढ़कर 53 हो गई हैं। धार, पन्ना, कटनी और बैतूल में पीपीपी मॉडल से मेडिकल कॉलेज स्थापित किए जा रहे हैं। इन्हें दिसंबर 2027 तक शुरू करने का लक्ष्य है।

**52 जिलों में 70 डायलिसिस यूनिट-** प्रदेश के 52 जिलों में 70 हीमोडायलिसिस यूनिट संचालित हैं, जबकि 52 कैंसर डे-केयर सेंटरों में इलाज की सुविधा दी जा रही है। इंदौर के शासकीय महात्मा गांधी स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय में उअफ-ळ सेल थेरेपी जैसी उन्नत कैंसर उपचार सुविधा भी शुरू की गई है।

छतरपुर, दमोह और बुधनी में मेडिकल कॉलेज भवनों का निर्माण पूरा हो चुका है। उज्जैन मेडिकल कॉलेज के 2027 में पूरा होने की उम्मीद है। केंद्र की फेज-ककक योजना में राजगढ़ और मंडला में मेडिकल कॉलेज प्रस्तावित हैं।

### 23-24 अक्टूबर को इंदौर में बड़ा निवेश सम्मेलन

मुख्यमंत्री ने कहा कि 23 और 24 अक्टूबर को इंदौर में बड़ा निवेशक सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। इसमें सेमीकंडक्टर इंडस्ट्री से जुड़े निवेशकों को मध्यप्रदेश की नीतियों और निवेश अवसरों की जानकारी दी जाएगी। उन्होंने कहा कि जीआईएस-2025 के दौरान भी सेमीकंडक्टर क्षेत्र के निवेशकों को प्रदेश में निवेश के लिए आमंत्रित किया गया था और कुछ निवेशकों ने इस दिशा में कदम भी उठाए हैं। सीएम ने कहा कि सेमीकंडक्टर उद्योग के विस्तार से प्रदेश के युवाओं के लिए रोजगार और कौशल विकास के नए अवसर बनेंगे। विदेशी कंपनियों के साथ साझेदारी से नए उद्योग और कारोबार का इकोसिस्टम विकसित होने की संभावना है।

### चिप डिजाइनिंग कंपनियों को भी न्योता

सीएम ने किष्किंधा इंटरनेशनल, डिजिकॉम, सिग्निटयूट, स्टेम्बो टेक्नोलॉजी, टू-चिप सॉल्यूशन, बनाश्री सेमीकंडक्टर्स, वीएलएसआई एक्सपर्ट और न्यूजिमो सेमीकंडक्टर्स जैसी कंपनियों के प्रतिनिधियों से भी मुलाकात की। उन्होंने मोहाली चिप डिजाइनिंग पवेलियन और स्वीडिश पवेलियन का अवलोकन किया। सीएम ने कहा कि मध्यप्रदेश में सेमीकंडक्टर, चिप डिजाइनिंग और इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र में निवेश की व्यापक संभावनाएं हैं। प्रदेश में निवेशकों के लिए अनुकूल नीतियां, पर्याप्त लैंड बैंक और स्किल डेवलपमेंट की संभावनाएं मौजूद हैं। भोपाल और इंदौर मेट्रोपॉलिटन क्षेत्र को भी इस क्षेत्र के लिए संभावनाशील बताया।

**नड्डा से स्वास्थ्य क्षेत्र की प्रगति पर चर्चा-** इसी दौरे के दौरान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा से मुलाकात की। बैठक में मध्यप्रदेश में स्वास्थ्य सुविधाओं के बुनियादी ढांचे, चिकित्सा शिक्षा, विशेषज्ञ स्वास्थ्य सेवाओं और मातृ-शिशु स्वास्थ्य से जुड़ी योजनाओं की समीक्षा हुई। नड्डा ने प्रदेश में स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार के प्रयासों की सराहना की। खासतौर पर मेडिकल कॉलेज और स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार में पीपीपी मॉडल के इस्तेमाल को महत्वपूर्ण बताया।

## खबर एक नजर...

### स्कूल मर्ज होते ही सांदीपनि में शिक्षकों की सीधी एंट्री

**भोपाल।** सांदीपनि (पूर्व नाम सीएम राइज) स्कूलों में मर्ज हुई आसपास की स्कूलों के शिक्षकों को अब बिना कोई परीक्षा दिए सीधे यहां पढ़ाने का मौका मिलेगा।? लोक शिक्षण संचालनालय ने 15 सितंबर को इस संबंध में सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को आदेश जारी किया है, जिसमें विभाग के 17 नवंबर 2025 के पत्र का हवाला देते हुए कहा गया है कि जो शिक्षक यहां रहना चाहेंगे, उन्हें रखा जाएगा; बाकी की काउंसिलिंग 25 सितंबर तक पूरी की जाएगी। खास बात? यह है कि 2021 में जब ये स्कूल शुरू हुए थे, तब यहां टिके रहने के लिए पदस्थ शिक्षकों को भी लिखित परीक्षा व इंटरव्यू पास करना पड़ा था, ताकि पढ़ाई का स्तर ऊंचा बना रहे। प्रदेश में फिलहाल करीब 274 सांदीपनि स्कूल चल रहे हैं, जिन्हें सर्वसुविधायुक्त बनाकर बेहतर पढ़ाई का दावा किया गया है। मगर अब? स्कूल मर्ज होने के साथ शिक्षा की उच्च गुणवत्ता बनाए रखने की उसी शर्त से फिलहाल समझौता कर लिया गया है। यहां पढ़ाने के लिए शिक्षकों को अब परीक्षा देकर अपनी योग्यता साबित नहीं करनी होगी।?

### बुदनी-नर्मदापुरम की इंदौर से सीधी कनेक्टिविटी, 2 घंटे का समय बचेगा

**बुदनी।** बुदनी रेलवे स्टेशन का नया दौर आ गया है। पश्चिम मध्य रेलवे का बुदनी स्टेशन जल्द ही एक नए जंक्शन के रूप में पहचान बनाने जा रहा है। भोपाल और इटारसी के बीच यह पहला रेलवे जंक्शन होगा, जिससे न केवल क्षेत्र में ट्रेनों के ठहराव के नए रास्ते खुलेंगे, बल्कि यात्रियों का सफर भी आसान होगा। रेलवे की तकनीकी भाषा में तीन दिशाओं जहां से रेल जाती है वो जंक्शन कहलाता है। पहले इस रेलवे स्टेशन कुछ गाड़ियों का हाल्ट था। लेकिन जंक्शन बनने से नई ट्रेमें रुकने के रास्ते खुल गए हैं। नई बिल्डिंग नए स्ट्रक्चर का कंस्ट्रक्शन किया जा रहा है। लेकिन यहां पर पहले से बनी रेलवे स्टेशन की बिल्डिंग अभी भी है। जंक्शन बनने के साथ ही यहां अत्याधुनिक सुविधाओं वाली नई बिल्डिंग और इंफ्रास्ट्रक्चर का निर्माण तेजी से जारी है।

### मैहर में कॉलर वाले हाथी को बचाने की तैयारीःचार हाथी और 60 से ज्यादा स्टाफ जुटा,

**मैहर।** उमरिया बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व का कॉलर वाला हाथी मैहर की पहाड़ी वाले इलाकों में पहुंच गया है। लगातार उसकी निगरानी के बाद अब वन प्रबंधन ने हाथी को बचाने की तैयारी शुरू कर दी है। टाइगर रिजर्व के क्षेत्र संचालक अनुपम सहाय सहित उप संचालक और कई अधिकारी-कर्मचारी मैहर पहुंच गए हैं। हाथी कॉलर नंबर चार मैहर वन मंडल के गोरसरी की पहाड़ी वाले इलाकों में घूम रहा है। बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व से हाथी को बचाने के लिए टीम मैहर पहुंच गई है। इस टीम में बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के चार हाथी, 20 से ज्यादा गाड़ियां और 60 से अधिक स्टाफ शामिल है। ये सभी जंगल में घूम रहे हैं। बारिश के मौसम के कारण हाथी को बचाने में दिक्कत हो रही है। जेसीबी और हाइड्रा मशीनें भी मौके पर बुलाई गई हैं। टीम लगातार योजना बना रही है, क्योंकि हाथी अपनी जगह लगातार बदल रहा है। बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के क्षेत्र संचालक अनुपम सहाय ने बताया कि हाथी को बचाने की तैयारी पूरी हो चुकी है। बारिश के कारण थोड़ी परेशानी आ रही है। उन्होंने कहा कि हमारे पास हाथी, जेसीबी, हाइड्रा और स्टाफ सब तैयार है। सही समय देखकर उसे बचा लिया जाएगा। हाथी पर लगातार नजर रखी जा रही है।

### छात्रा को फिजिकल रिलेशन के लिए धमकाने वाले आरोपी पर मुकदमा

**सतना।** सतना में कॉलेज छात्रा को पिछले करीब 10 महीने से परेशान करने, पीछा करने और फिजिकल रिलेशन के लिए दबाव बनाने के आरोप में कोलगवां थाना पुलिस ने छात्र श्रवण सेन के खिलाफ केस दर्ज किया है। शुक्रवार को पुलिस ने बीएनएस की धारा 74 के तहत छेड़खानी का अपराध दर्ज किया। केस दर्ज करने से पहले पीड़िता के परिवार के कहने पर उसके दोबारा बयान लिए गए। इसके बाद आरोपी श्रवण को कोतवाली बुलाकर पूछताछ की गई। पुलिस के अनुसार, मामले की जांच आगे जारी है। जरूरत पड़ने पर पीड़िता के बयान मजिस्ट्रेट के सामने भी दर्ज कराए जा सकते हैं। पीड़िता के परिवार का आरोप है कि छात्रा के बार-बार मना करने के बावजूद श्रवण उसका पीछा करता था। वह फोन पर धमकाता था। परिवार के मुताबिक, आरोपी की गर्लफ्रेंड और उसके दोस्तों के जरिए भी छात्रा को धमकियां दिलाई जाती थीं।

### सिवनी के लखनादौन में तेज रफ्तार कार डिवाइडर में घुसी

**सिवनी।** सिवनी जिले के लखनादौन थाना क्षेत्र में शुक्रवार रात एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर में जा घुसी। यह हादसा पेट्रोल पंप के पास हुआ, जिससे कुछ देर के लिए मौके पर अफरा-तफरी मच गई। अच्छी बात यह रही कि हादसे के समय डिवाइडर के आसपास कोई व्यक्ति या दूसरा वाहन मौजूद नहीं था। इस वजह से कोई बड़ा नुकसान होने से टल गया। घटना में किसी के घायल होने या जान का नुकसान होने की खबर नहीं है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि शुक्रवार रात एक कार तेज रफ्तार में जा रही थी। इसी दौरान चालक गाड़ी पर नियंत्रण नहीं रख पाया।

# मध्यप्रदेश में मात्र 33.2 इंच बारिश, यह कोटे की 89.3 प्रतिशत

## मानसूनी सीजन को 11 दिन बचे; चक्रवात की वजह से 4 दिन हल्की बारिश

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल

मध्य प्रदेश में अब तक औसत 33.2 इंच बारिश हो चुकी है, जो कुल कोटे की 89.3 प्रतिशत है। मौसम केंद्र के मुताबिक, मानसूनी सीजन को 11 दिन बाकी बचे हैं। आखिरी सप्ताह में कुछ जिलों में भारी बारिश भी हो सकती है। ऐसे में प्रदेश की बारिश का कोटा फुल हो सकता है।

हालांकि, इंदौर, उज्जैन, जबलपुर और नर्मदापुरम संभाग के ज्यादातर जिलों में सामान्य बारिश का आंकड़ा कम ही रह सकता है। मौसम विभाग के अनुसार, इंदौर, धार, आलीराजपुर, रायसेन, विदिशा, जबलपुर, छिंदवाड़ा, सिवनी, पांढुर्णा, सागर, उज्जैन, रतलाम, शाजापुर में अब तक सामान्य का 80 प्रतिशत पानी भी नहीं गिरा है।

इन जिलों में तीन से चार दिन तक भारी बारिश का दौर हो, तो ही सामान्य बारिश के आंकड़े तक पहुंचा जा सकता है। दूसरी ओर, मऊगंज, निवाड़ी में कोटे से दोगुना पानी गिर चुका है।



फिलहाल, भोपाल, राजगढ़, बुरहानपुर, खरगोन, ग्वालियर, शिवपुरी, गुना, छतरपुर, निवाड़ी, मैहर, भिंड, श्योपुर, सिंगरौली, सीधी, सतना, मऊगंज, शहडोल और उमरिया में सामान्य या इससे ज्यादा बारिश हो चुकी है। बाकी बचे 37 जिलों में इससे कम पानी गिरा है।

मौसम विभाग के अनुसार, जून में 14% कम बारिश हुई थी। जुलाई के शुरूआती दिनों में तेज बारिश होने से यह बढ़ गया। इसके बाद मानसून दो बार ब्रेक हुआ और कई दिन तक बारिश नहीं हुई।

### 22 सितंबर तक हल्की बारिश का दौर

मौसम विभाग ने अगले चार दिन यानी, 22 सितंबर तक प्रदेश में हल्की बारिश होने का अनुमान जताया है। मौसम विशेषज्ञ शैलेंद्र कुमार नायक ने बताया, इस समय पश्चिमी हिस्से में एक साइक्लोनिक सकुर्लेशन सिस्टम (चक्रवात) एक्टिव है। इस वजह से पश्चिमी हिस्से के जिलों में बारिश का दौर बना हुआ है। 19 सितंबर की शाम के आसपास उत्तर अंडमान सागर में नया निम्न दबाव क्षेत्र बनने की संभावना है। इसके बाद इसके दक्षिण ओडिशाझउत्तर आंध्र प्रदेश तट की ओर पश्चिम-उत्तर-पश्चिम दिशा में बढ़ने के संकेत हैं। इस सिस्टम से एमपी के मौसम में एक और बदलाव का आधार बन सकती है।

### भोपाल में 4 साल से कोटे से ज्यादा बारिश



भोपाल में सितंबर महीने की औसत बारिश 7 इंच है, लेकिन पिछले 5 साल से कोटे से ज्यादा पानी बरस रहा है। ओवरऑल रिकॉर्ड की बात करें तो साल 1961 में पूरे सितंबर माह में 30 इंच से ज्यादा पानी गिरा था। वहीं, 24 घंटे में सर्वाधिक 9.2 इंच बारिश का रिकॉर्ड 2 सितंबर 1947 को बना था। इस महीने औसत 8 से 10 दिन बारिश होती है। वहीं, दिन में तापमान 31.3 डिग्री और न्यूनतम तापमान 22.2 डिग्री सेल्सियस तक रहता है। प्रदेश की सामान्य बारिश 37.3 इंच है। भोपाल, इंदौर, जबलपुर और ग्वालियर जिले की सामान्य बारिश 38 से 39 इंच तक है।

### गणेश उत्सव में पूजा अर्चन कर की भव्य महाआरती

# मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने बांधा समां

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

महाराजा विक्रमादित्य शोधपीठ, उज्जैन कार्यालय में गणेश उत्सव के पंचम दिवस पर धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भव्य आयोजन संजीव कुमार मालवीय निदेशक, महाराजा विक्रमादित्य शोधपीठ के निर्देशन में किया गया। प्रथम पूज्य, बुद्धि, समृद्धि और ज्ञान के देवता भगवान श्री गणेश की आराधना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में शासकीय कन्या महाविद्यालय के प्राचार्य, प्रसिद्ध इतिहासकार एवं वरिष्ठ लेखक माननीय डॉ. प्रशांत पुराणिक एवं उनके साथ विशाला लोकहित सांस्कृतिक समिति के सचिव श्री विजेन्द्र वर्मा ने भगवान श्री गणेश की विधि-विधानपूर्वक पूजा-अर्चना कर भव्य महाआरती की।



महाआरती के दौरान पूरा परिसर भक्तिमय वातावरण से सराबोर हो गया। उपस्थित श्रद्धालुओं एवं कर्मचारियों ने भगवान श्री गणेश से सुख, समृद्धि, शांति एवं लोककल्याण की कामना की। इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त करते हुए डॉक्टर प्रशांत पुराणिक में बताएं कि मध्य प्रदेश शासन के मा. मुख्यमंत्री के जन विश्वास कार्यक्रम और सेवा संकल्प अभियान की अंतर्गत विभिन्न प्रकार के गतिविधियां निरंतर प्रारंभ है और उसके अंतर्गत अधिक से अधिक युवाओं को भागीदारी कर समाज से जुड़ कर कार्य करना चाहिए।

अतिथियों का स्वागत श्री रितेश वर्मा, कार्यालय अधीक्षक द्वारा किया गया। सांस्कृतिक प्रस्तुति- सांस्कृतिक प्रस्तुति ने किया मंत्रमुग्ध इस अवसर पर विशाला लोकहित सांस्कृतिक समिति की ओर से कथक नृत्य कलाकार कु. नंदिनी यादव द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुति दी गई, जिसने उपस्थित जनसमुदाय को मंत्रमुग्ध कर दिया।

### बोले- मंत्री ने दिया था चैलेंज;

# मध्यप्रदेश में अतिथि विद्वानों ने बनाई विद्वान जनता पार्टी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

मध्य प्रदेश में अतिथि विद्वानों के आंदोलन ने अब राजनीतिक मोड़ ले लिया है। अतिथि विद्वानों ने विद्वान जनता पार्टी बनाने का ऐलान किया है। उनका कहना है कि उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार ने उन्हें चुनाव लड़ने का चैलेंज दिया था। इसके बाद उन्होंने चुनाव मैदान में उतरने की तैयारी शुरू की है।

वीजेपी की ओर से जारी पोस्टर में शुजालपुर विधानसभा क्षेत्र का भी जिक्र है। इसमें लिखा है- आने वाले समय में शुजालपुर से चुनाव मैदान में उतर सकता है। इंदर सिंह परमार शुजालपुर से विधायक हैं।

वीजेपी के पोस्टर में भाजपा का कमल भी लगाया गया है। इसमें लिखा है- अतिथि विद्वानों के हित के लिए माननीय उच्च शिक्षा मंत्री के चैलेंज को स्वीकार करते हुए विद्वान जनता पार्टी चुनाव मैदान में उतरने के लिए तैयार है।

पोस्टर में अतिथि विद्वानों का सम्मान, नियमितीकरण की गारंटी, सुरक्षित भविष्य और शिक्षा क्षेत्र में सकारात्मक बदलाव को पार्टी के प्रमुख मुद्दे बताया गया है। हालांकि, अभी यह स्पष्ट नहीं है कि वीजेपी का औपचारिक पंजीयन हुआ है या नहीं और आगामी चुनाव में पार्टी किस स्तर पर चुनाव लड़ेगी। अतिथि विद्वान पिछले दिनों नियमितीकरण और नौकरी में स्थायित्व की मांग को लेकर उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार के भोपाल स्थित बंगले के बाहर धरने पर बैठे थे। बुधवार को मंत्री ने चार प्रतिनिधियों से मुलाकात की थी। अतिथि विद्वानों ने मांग रखी थी कि जब तक उनके नियमितीकरण और स्थायित्व के लिए नीति नहीं बनती, तब तक फॉलन आउट प्रक्रिया रोक दी जाए। अतिथि विद्वान डॉ. राकेश कुमार सिंह के मुताबिक, मंत्री ने फॉलन आउट प्रक्रिया रोकने से इनकार किया। इसके बाद बातचीत के दौरान मंत्री की कथित टिप्पणी को अतिथि विद्वानों ने चुनावी चुनौती के तौर पर लिया।

### माल ढुलाई पर 150 रुपए क्विंटल की बचत

# रेल यातायात को मिलने जा रही नई रफ्तारः इटारसी से नागपुर अब 4 घंटे

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इटारसी

उत्तर और दक्षिण भारत के बीच रेल यातायात को नई रफ्तार मिलने जा रही है। इसके लिए नागपुर-इटारसी 308 किमी लंबी चौथी रेल लाइन परियोजना पर तेजी से काम चल रहा है। 5,451 करोड़ रुपए की प्रारंभिक स्वीकृति मिलने के बाद अब जमीन अधिग्रहण, टनल, ओवरब्रिज, अंडरब्रिज निर्माण का सर्वे चल रहा है। रेलवे बोर्ड ने इस महत्वाकांक्षी परियोजना को 2028 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा है। इससे बीना से नागपुर तक कुल 544 किमी लंबे इस रेलखंड पर चौथी लाइन बनने से ट्रेनों की गति बढ़ेगी। यात्रा पहले इटारसी से नागपुर 5 घंटे लगते थे, अब 1 घंटे की बचत होगी। इटारसी-नागपुर के बीच धाराखोह से मरामझिरी घाट सेक्शन में जंगलों, पहाड़ियों को काटकर 4 आधुनिक टनल बनाई जा रही हैं। फोर्थ लाइन से ट्रेनों को लूप लाइन या आउटर पर नहीं रोकना पड़ेगा। इटारसी- नागपुर के बीच यात्रा समय में 1 से 2 घंटे की सीधी बचत होगी। सिग्नल पर खड़े रहने का समय घटने से बिजली की बचत होगी।



**विशेषता**

14 मीटर चौड़ी, 10 मी. ऊंची सुरंगें, जिनसे एक साथ दो ट्रेनें गुजर सकेंगी।

**लंबाई**

पहली टनल 575 मी., दूसरी 221 मी., तीसरी 239 मी., चौथी 584 मी.।

इटारसी जंक्शन पर प्रतिदिन 140 से अधिक यात्री ट्रेनों, मालगाड़ियों की आवाजाही होती है। प्लेटफार्म केवल 7 हैं। जगह की कमी के कारण ट्रेनों को आउटर पर रोकना पड़ता है। 3 नए प्लेटफार्म बनने से ट्रेनों का वेटिंग टाइम खत्म होगा।

### चलती बाइक पर आया अटैक, नीचे गिरा

# पत्नी के साथ बाजार आया था; कॉन्स्टेबल ने 10 मिनट सीपीआर देकर बचाई जान

ब्रह्मास्त्र ▸▸ आगर मालवा



मध्यप्रदेश के आगर मालवा में पत्नी के साथ बाइक से बाजार आए शख्स की कंपनी गार्डन के पास अचानक तबीयत बिगड़ गई। वह चलती बाइक से सड़क पर गिर पड़ा। मौके पर पहुंचे कोतवाली थाने के आरक्षक सौरभ शर्मा ने तुरंत सीपीआर देना शुरू किया। करीब 10 मिनट तक सीपीआर देने के बाद ग्रामीण को जिला अस्पताल पहुंचाया गया।

डॉक्टरों के मुताबिक, उसे कार्डियक अरेस्ट और बीपी लो होने के लक्षण थे। समय पर सीपीआर मिलने से उसकी जान बचाने में काफी मदद मिली। घटना बुधवार शाम की है, जिसका सीसीटीवी फुटेज शुक्रवार को सामने आया। ग्राम कुंडला खुर्द के रहने वाले दरबार बंजारा अपनी पत्नी के साथ बाइक से बाजार आए थे। कंपनी गार्डन के पास उनकी तबीयत अचानक बिगड़ गई और वे बाइक से गिर पड़े। सूचना मिलने पर कोतवाली थाने में तैनात आरक्षक सौरभ शर्मा तुरंत मौके पर पहुंचे। उन्होंने बिना देर किए दरबार बंजारा को सीपीआर देना शुरू किया। मरीज को अटेंड करने वाले डॉ. मोहम्मद इजरायल ने बताया कि मरीज को कार्डियक अरेस्ट और बीपी लो होने के लक्षण थे। उसे बहुत तेज पसीना आया था और हाथ-पैर ठंडे हो गए थे। पुलिसकर्मियों ने समय पर सीपीआर देकर एक ग्रामीण की जान बचाने में मदद की। डॉक्टर के मुताबिक, मरीज को करीब दो घंटे ऑब्जर्वेशन में रखकर जरूरी उपचार किया गया और मेडिसिन दी गई। साथ ही मरीज को उच्च स्तर पर जांच करवाने और बेहतर उपचार लेने की सलाह दी गई। फिलहाल उसकी हालत स्थिर बताई जा रही है।



### चातुर्मास के तहत प्रणीत सागर ससंघ के सानिध्य में तत्त्वार्थ सूत्र के तृतीय अध्याय का वाचन हुआ

# शांतिनाथ मंदिर में तत्त्वार्थ सूत्र वाचन तपोभूमि में मिला क्रोध न करने का संदेश...

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

दशलक्षण महापर्व के तीसरे दिन शहर के जिनालयों में विशेष धार्मिक आयोजन हुए। लक्ष्मी नगर सेठी नगर स्थित शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर में विद्यार्थियों ने तत्त्वार्थ सूत्र का वाचन किया। वहीं सिद्ध क्षेत्र महावीर तपोभूमि में चल रहे श्रावक संयम साधना शिविर में क्रोध से दूर रहने और संयम अपनाने का संदेश दिया गया। इसके साथ ही उत्तम शौच धर्म को संतोष और आत्मशुद्धि का मार्ग बताया गया।

शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर में चल रहे चातुर्मास के तहत प्रणीत सागर ससंघ के सानिध्य में तत्त्वार्थ सूत्र के तृतीय अध्याय का वाचन हुआ। प्रणीत सागर ने सरल हिंदी में अर्थ समझाते हुए अधोलोक के 7 नरकों और मध्यलोक के असंख्यात द्वीप-समुद्रों का वर्णन किया। उन्होंने बताया कि मनुष्य जन्म, आर्य खंड और जैन धर्म का मिलना अत्यंत दुर्लभ है, इसलिए नरकों के दुखों को जानकर हमें धर्म में लगना चाहिए। मंदिर में सुबह सामायिक, प्रतिक्रमण, मंगल अभिषेक, शांतिधारा एवं नित्य-नियम पूजा हुई। इसके बाद दशलक्षण धर्म मंडल विधान में उत्तम क्षमा धर्म की विशेष पूजा की गई। प्रणीत सागर ने तत्त्वार्थ सूत्र प्रथम अध्याय पर प्रवचन एवं शंका समाधान किया। मध्यान्ह में 10 महाविधान एवं 1008 अर्घ्यावली, स्वाध्याय एवं श्रावक संस्कार कक्षा हुई। संध्या काल में 22 परिषह ध्यान, श्रावक प्रतिक्रमण, भव्य आरती, भक्तामर दीपार्चना, शास्त्र सभा, प्रवचन एवं भजन संध्या का आयोजन हुआ।




दशलक्षण धर्म क्रम में 19 को उत्तम शौच, 20 को उत्तम सत्य, 21 को उत्तम संयम, 22 को उत्तम तप, 23 को उत्तम त्याग, 24 को उत्तम आकिंचन्य और 25 को उत्तम ब्रह्मचर्य की आराधना होगी। 1008 अर्घ्यावली के तहत 19 को तत्त्वार्थ सूत्र के 357 चारोली, 20 को निर्वाण क्षेत्र के 46 काजू, 21 को रत्नत्रय के 23 धूप, 22 को विशुद्ध सागर विधान के 72 अक्षत, 23 को गुण संपत्ति के 63 मणि-रत्न, 24 को रत्नत्रय के 248 पुष्प और 25 को अंगारी गुण के 108 श्रीफल चढ़ाए जाएंगे। शाम के 22 परिषह ध्यान क्रम में 19 को अरति-स्त्री, 20 को चर्या-निषद्या, 21 को शय्या-आक्रोश, 22 को वध-याचना, 23 को अलाभ-रोग-तृण स्पर्श, 24 को मल-सत्कार पुरस्कार और 25 को प्रज्ञा-अज्ञान-अदर्शन पर ध्यान होगा।



**विशेष सहयोग-** शांतिधारा का सौभाग्य गिरीश चंद्र बिलाला को एवं भोजन की लाभार्थी स्नेहलता श्रवण सोगानी रहीं। उपस्थित श्रावकों ने अभिषेक का लाभ प्राप्त किया। शिविर के मुख्य संयोजक रमेश जैन एकता ज्वेलर्स एवं सारिका जैन हैं। आयोजन में अध्यक्ष दिनेश जैन सुपर फार्मा, राजेंद्र लुहाड़िया, संजय नीलू जैन, सुशीला कासलीवाल, सुशील गोधा, अनिल कासलीवाल, विमल जैन और पवन बोहरा सहित तपोभूमि परिवार का विशेष सहयोग रहा।

### क्रोध से ऊर्जा नष्ट होती है

महावीर तपोभूमि में चल रहे 10 दिवसीय श्रावक संयम साधना शिविर के तीसरे दिन प्रभा ने उत्तम आर्जव धर्म पर प्रवचन दिया। उन्होंने कहा कि क्रोध से आंतरिक और बाहरी ऊर्जा नष्ट होती है। यदि कोई गाली दे और उसे अपने ऊपर न लिया जाए, तो वह गाली देने वाले के पास ही रह जाती है। अपनी बात रखना जरूरी है, लेकिन इसके लिए क्रोध करना उचित नहीं है। प्रज्ञा सागर के आशीर्वाद और डॉ. प्रभा, अंजू व वासु के नेतृत्व में श्रावक-श्राविकाएं शुद्ध वस्त्र धारण कर मोबाइल और टीवी से दूर रहकर धर्म के नए आयाम सीख रहे हैं। समाज सचिव सचिन कासलीवाल ने बताया कि शिविर की दिनचर्या के तहत प्रातः मंगल जागरण, सामाजिक पाठ, अभिषेक, शांतिधारा एवं नित्य नियम पूजा हुई। पूर्वान्ह में दशलक्षण धर्म की विशेष पूजा, उत्तम आर्जव धर्म का जाप, संगीत में भक्ति एवं प्रवचन हुए। मध्यान्ह में शुद्ध भोजन, स्वाध्याय एवं श्रावक संस्कार कक्षा तथा संध्या काल में आरती, धर्म-प्रवचन, ध्यान साधना एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियां हुईं।

# रिजेक्शन और रिप्लेसमेंट के बाद तारा ने बनाई पहचान



बॉलीवुड में पहचान बनाने का सपना लेकर आने वाले हर कलाकार का सफर एक जैसा नहीं होता। कुछ को फिल्मी परिवार का सहारा मिलता है, तो कुछ हुनर और मेहनत के दम पर इंडस्ट्री में जगह बनाने की कोशिश करते हैं। अभिनेत्री तारा सुतारिया का सफर भी ऐसा ही है। अभिनय के साथ संगीत और गायकी में रुचि रखने वाली तारा ने टेलीविजन से शुरूआत की और 2019 में करण जौहर की फिल्म स्टूडेंट ऑफ द ईयर 2 से बड़े पर्दे पर कदम रखा।

तारा का फिल्मी सफर कई अनुभवों से गुजर चुका है। उन्होंने रोमांटिक और एक्शन फिल्मों में काम किया और अपूर्वा जैसी सर्वाइवल थ्रिलर में मुख्य भूमिका निभाई। इस दौरान उन्हें फिल्मों से रिप्लेस किए जाने और इंडस्ट्री में आउटसाइडर होने की चुनौतियों का सामना करना पड़ा।

### बचपन से ही संगीत और मंच से जुड़ाव

तारा सुतारिया का जन्म 19 नवंबर 1995 को मुंबई में हुआ। उन्हें बचपन से संगीत और परफॉर्मिंग आर्ट्स में रुचि थी। उन्होंने कम उम्र में गायन की ट्रेनिंग शुरू कर दी थी। संगीत के अलावा नृत्य और मंच पर प्रस्तुति देने का भी अनुभव रहा है। वह लगभग 15 साल की उम्र से मंच पर प्रस्तुति दे रही थीं। तारा हमेशा गायिका और परफॉर्मर बनना चाहती थीं। बॉलीवुड में अभिनय का मौका मिलने के बाद भी संगीत उनके लिए महत्वपूर्ण बना रहा। तारा ने म्यूजिकल थिएटर में भी काम किया। वह रैल पदमसी के प्रोडक्शन ग्रीस और अश्विन गिडवानी के ब्लेम इट ऑन यशराज जैसे म्यूजिकल प्रोजेक्ट्स से जुड़ी रहीं। इस अनुभव से उन्हें मंच पर आत्मविश्वास और दर्शकों के सामने प्रस्तुति का अवसर मिला।

### डिज्नी चैनल से शुरू हुआ अभिनय का सफर

फिल्मों में आने से पहले तारा सुतारिया टेलीविजन पर काम कर चुकी थीं। उन्होंने डिज्नी चैनल के शो द सूट लाइफ ऑफ करण एंड कबीर और ओए जस्सी में अभिनय किया। इसके अलावा उन्होंने ह्यबिग बड़ा बूमह्ण से बतौर गायिका और परफॉर्मर टीवी करियर की शुरूआत की थी।

## साजिद नाडियाडवाला प्रोड्यूस करेंगे फिल्म

# ललित मोदी पर बनेगी बायोपिक:रणवीर सिंह रोल निभाने में दिलचस्पी दिखा चुके,



इंडियन प्रीमियर लीग के संस्थापक ललित मोदी की जिंदगी पर फिल्म बनने जा रही है। पिंकविला की रिपोर्ट के मुताबिक, इस बायोपिक को साजिद नाडियाडवाला अपने बैनर नाडियाडवाला ग्रैंडसन एंटरटेनमेंट के तहत प्रोड्यूस करेंगे।

फिल्म की स्क्रिप्ट लिखने का काम पूर्व टीवी एग्जीक्यूटिव और प्रोड्यूसर स्नेहा रजनी कर रही हैं। यह फिल्म ललित मोदी के शुरूआती जीवन, क्त्रछ की शुरूआत, उनकी सफलता और बाद में जुड़े विवादों पर आधारित होगी। कुछ समय पहले रणवीर सिंह ने ललित का रोल निभाने में दिलचस्पी दिखाई थी। न्यूज एजेंसी एएनआई को दिए इंटरव्यू में ललित मोदी ने भी पुष्टि की थी कि रणवीर उनका रोल निभाना चाहते हैं। ललित करीब 16 साल से लंदन में रह रहे हैं। मेकर्स इस बायोपिक में ललित मोदी की सिर्फ हेडलाइंस और विवादों पर ध्यान देने के बजाय उनके निजी जीवन और करियर के अलग-अलग पहलुओं को दिखाना चाहते हैं। फिल्म की राइटिंग और डेवलपमेंट का काम अभी जारी है। एएनआई से बातचीत में ललित मोदी ने बताया था कि स्नेहा रजनी की अगुआई में एक टीम उनके दर्जनों इंटरव्यू ले चुकी है। उन्होंने यह भी खुलासा किया था कि कुछ साल पहले एक्टर रणवीर सिंह उनसे मिलने लंदन पहुंचे थे और उन्होंने बायोपिक में ललित मोदी का किरदार निभाने की इच्छा जताई थी। हालांकि, स्टार कास्ट और डायरेक्टर को लेकर अभी आधिकारिक ऐलान नहीं हुआ है। ललित मोदी का नाम भारतीय क्रिकेट, बिजनेस और एंटरटेनमेंट को एक साथ लाने के लिए जाना जाता है। साल 2008 में उन्होंने बीसीसीआई के उपाध्यक्ष रहते हुए फ्रेंचाइजी आधारित टी20 क्रिकेट लीग का कॉन्सेप्ट पेश किया था।



# मराठी मूवी 'गोंधल' ऑस्कर में भारत की ऑफिशियल एंट्री




मराठी फिल्म 'गोंधल' को 99वें एकेडमी अवॉर्ड्स (ऑस्कर 2027) के लिए भारत की ऑफिशियल एंट्री चुना गया है। फिल्म फेडरेशन ऑफ इंडिया ने शुक्रवार को इसका ऐलान किया। मराठी लोक परम्परा पर बनी इस थ्रिलर फिल्म को ऑस्कर समारोह में 'बेस्ट इंटरनेशनल फीचर फिल्म' कैटेगरी में भेजा जाएगा। इस बार ऑस्कर की रेस में भारत की तरफ से धुरंधर, बॉर्डर-2, हनुमान अंश समेत 33 फिल्में शामिल हुई थीं। इस साल ऑस्कर की दावेदारी के लिए देश भर की अलग-अलग भाषाओं से कुल 33 फिल्में त्रक्त्रक्के पास भेजी गई थीं। इसमें सबसे ज्यादा 14 फिल्में हिंदी भाषा की थीं। इसके अलावा मराठी, तेलुगु और गुजराती भाषा से 4-4 फिल्में, तमिल से 3 फिल्में और मलयालम व नागामी भाषा से 1-1 फिल्म शामिल थी।

# जगद्गुरु सतीशाचार्य महाराज से आमिर खान मिले

### दोनों की मुलाकात के बाद महाभारत प्रोजेक्ट चर्चा में आया



बॉलीवुड सुपरस्टार आमिर खान हाल ही में जगद्गुरु रामानंदाचार्य स्वामी सतीशाचार्य महाराज से मिले। मुलाकात के दौरान दोनों के बीच काफी देर बातचीत हुई। आमिर ने आध्यात्मिक गुरु के प्रति अपना आभार भी व्यक्त किया।

जगद्गुरु महाराज की सोशल मीडिया टीम ने आमिर के साथ मुलाकात का वीडियो शेयर करते हुए लिखा, 'जब आध्यात्म और सिनेमा जगत की दो प्रमुख हस्तियां एक साथ आईं।' टीम के अनुसार, आमिर ने जगद्गुरु महाराज का आशीर्वाद लिया और उनसे बातचीत की। वीडियो में आमिर हल्के नीले और सफेद रंग का कुर्ता और काला पजामा पहने नजर आए। वह जगद्गुरु महाराज के पास जाते, उनसे हाथ मिलाते और गर्मजोशी से गले मिलते दिखे। आध्यात्मिक गुरु की बातें सुनते हुए आमिर काफी प्रभावित नजर आए।

## सलमान खान अपने ड्राइवर पर भड़के:दावा-फैन का पैर गाड़ी के नीचे आया; फटकार लगाते दिखे एक्टर

सलमान खान गुरुवार को मुंबई में भाजपा नेता और महाराष्ट्र सरकार में मंत्री आशीष शेलार के आवास और गणपति पंडाल में बप्पा के दर्शन करने पहुंचे। इसी दौरान सलमान का एक वीडियो सामने आया, जिसको लेकर दावा किया जा रहा है कि फैन का पैर कार के नीचे आने पर सलमान ड्राइवर से नाराज हो गए। वहीं, गणपति उत्सव में शामिल होने के बाद जब वे बाहर निकलने लगे तो फैंस और पैपराजी की बड़ी भीड़ जमा हो गई। इसी दौरान भीड़ में खड़े एक बच्चे को गलती से बॉडीगार्ड ने धक्का मार दिया। सलमान ने बच्चे को देखा तो उसके पास जाकर प्यार से हाथ मिलाया। भारी भीड़ के बीच सलमान लोगों से रास्ता साफ करने का इशारा करते नजर आए, ताकि वे वहां से निकल सकें।

## जासूस बनिए....अंतर ढूंढो...



## रंग भरकर चित्र बनाओ



## जोक्स

टीचरः बताओ तुम्हार होमवर्क कहां है
पप्पूः मैडम फेसबुक पर चेक करिए,
मैंने स्क्रीनशॉट अपलोड कर दिए हैं और आपको टैग भी कर दिया है। ??

एक मास्टर जी ने छात्र से पूछा
मास्टर जीः गजल और भाषण में क्या अंतर है ?
छात्रः पराई औरत का हर शब्द गजल है औरअपनी बीबी का हर शब्द भाषण !! ??

## वर्ग पहेली





**बाएं से दाएं**

1. लाचार, बेबस-3
3. प्राण, जान-3
5. दुर्ग, फोर्ट-2
6. सद्पुरुष-2
8. कवायद-4
10. प्रतिघात, मुआवजा-3
12. कंठ, गला-3
13. लकड़ी-2
14. प्रथम मानव-2
15. धोखेबाज, कपटी-3
17. माजरा, घटना-3
19. कहासुनी, झंझट -4
21. संबोधन-2
23. चावल-2
24. रगड़ना, लगाना-3
25. वादा, प्रतिज्ञा -3

**ऊपर से नीचे**

1. लता, लतिका-2
2. चावल (अंग्रेजी-3)
3. हर, अप्सरा-3
4. आकाश, व्योम-2
5. शायरी करनेवाला-3
7. योग्य, उपयुक्त-3
8. अदाकार, फनकार-4
9. घोड़ागाड़ी-2
12. बजरंगबली-4
15. माह, मास-3
16. जांघ, जंघा-2
18. धिक्कार, फटकार-3
19. मामूली, तुच्छ-3
20. बहने का भाव-3
22. संस्कृत में 'मेरा'-2
23. होश, आभास-2

## माथा पच्ची

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 29 | | 77 | | 47 | | 61 | = | 120 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 68 | | 25 | | 39 | | 13 | = | 95 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 25 | | 5 | | 5 | | 12 | = | 37 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 31 | | 20 | | 44 | | 7 | = | 49 |
| = | ■ | = | ■ | = | ■ | = | ■ | = |
| 41 | | 37 | | 47 | | 43 | = | 13 / 74 |

**संकेत**

खाली जगहों में आपको केवल (+), (-), (×) व (÷) के निशान लगाने हैं, जिनका उत्तर (=) पूर्णतः मेल खाता हो.

## शब्दों का जाल



शब्दजाल में 'ईशा देओल 10 फिल्मों के नाम' ढूंढिए. शब्द ऊपर से नीचे, दाएं से बाएं एवं तिरछे हो सकते हैं.

नो एन्ट्री, दस, प्यारे मोहन, धुम, युवा, इंसान, अनकही, क्या दिल ने कहा, कोई मेरे दिल से पुछे, काल.

## अष्टयोग

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | 4 | 5 | | |
| 2 | 23 | 1 | 26 | | 40 | 6 |
| | 7 | | 4 | | 6 | |
| 4 | 38 | | 24 | 4 | 29 | 4 |
| | | 6 | | 2 | | |
| 6 | 47 | 7 | 35 | | 26 | 2 |
| 7 | | | 4 | 3 | | 1 |

प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है. खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक लिखना अनिवार्य है. गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों ओर के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी. सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.

**माथा पच्ची का हल**



**अष्टयोग का हल**

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 5 | 3 | 6 | 1 | 2 | 4 |
| 2 | 31 | 7 | 31 | 4 | 28 | 2 |
| 4 | 2 | 1 | 6 | 3 | 5 | 7 |
| 5 | 28 | 6 | 31 | 6 | 39 | 3 |
| 1 | 5 | 4 | 3 | 2 | 7 | 6 |
| 3 | 29 | 5 | 32 | 7 | 40 | 5 |
| 6 | 3 | 2 | 4 | 5 | 7 | 1 |

**शब्दजाल का हल**



## सूडोकू नवताल-

* ☆ ☆ ☆ ☆
सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | | | | 2 | 6 | | 3 |
| | | | 4 | | | | | |
| 1 | 3 | 5 | | 8 | | | | |
| | 2 | | | 1 | | | 7 | 8 |
| | | | | | | | | |
| 6 | 7 | | | 9 | | | 2 | |
| | | | | 6 | | 5 | 9 | 2 |
| | | | | | 3 | | | |
| 2 | | 8 | 5 | | | | 6 | 1 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकू नवताल का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 3 | 2 | 9 | 5 | 6 | 1 | 7 | 8 |
| 6 | 8 | 5 | 7 | 1 | 4 | 9 | 2 | 3 |
| 9 | 1 | 7 | 3 | 8 | 2 | 4 | 5 | 6 |
| 3 | 4 | 8 | 6 | 2 | 7 | 5 | 1 | 9 |
| 5 | 6 | 1 | 8 | 4 | 9 | 2 | 3 | 7 |
| 2 | 7 | 9 | 5 | 3 | 1 | 6 | 8 | 4 |
| 1 | 9 | 3 | 4 | 7 | 5 | 8 | 6 | 2 |
| 8 | 2 | 4 | 1 | 6 | 3 | 7 | 9 | 5 |
| 7 | 5 | 6 | 2 | 9 | 8 | 3 | 4 | 1 |

### पुतिन की जीत तय, पार्टी का दबदबा फिर चुनाव जरूरी क्यों, 450 सीटों के लिए हो रही वोटिंग

# यूक्रेन के कब्जे वाले इलाकों में भी वोटिंग; युद्ध का विरोध करने वाली पार्टी बाहर

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मॉस्को

रूस में शुक्रवार यानी 18 सितंबर से तीन दिन का संसदीय चुनाव शुरू हो गया। राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की पार्टी यूनाइटेड रशिया का संसद में दबदबा बरकरार रहने की उम्मीद है। वहीं, यूक्रेन युद्ध का खुलकर विरोध करने वाली याब्लोको पार्टी को चुनाव से बाहर कर दिया गया है। यह 2022 में यूक्रेन पर रूस के पूर्ण सैन्य हमले के बाद पहला संसदीय चुनाव है। रूस के कब्जे वाले यूक्रेन के इलाकों में भी वोटिंग हो रही है। यूक्रेन और यूरोपीय संघ ने वहां हो रहे मतदान को अवैध बताया है।

क्रेमलिन के लिए यह चुनाव सिर्फ संसद के सदस्य चुनने तक सीमित नहीं है। पुतिन चाहते हैं कि बड़ी संख्या में लोग वोट डालें, ताकि यह संदेश जाए कि यूक्रेन युद्ध के बीच भी जनता सरकार और रूसी सैनिकों के साथ खड़ी है। पुतिन ने शुक्रवार को ऑनलाइन वोट डाला। चुनाव से पहले उन्होंने कहा कि लोगों का फैसला दिखाएगा कि लाखों लोग रूस के सैनिकों के साथ खड़े हैं और देश एकजुट है।

रूस के स्टेट ड्यूमा में 225 सीटों पर लोग राजनीतिक पार्टियों को वोट देंगे। बाकी 225 सीटों पर अलग-अलग इलाकों से खड़े उम्मीदवारों में से किसी एक को चुनेंगे। यूनाइटेड रशिया के अलावा कम्युनिस्ट पार्टी, एलडीपीआर, ए जस्ट रशिया और न्यू पीपल जैसी पार्टियां भी चुनाव लड़ रही हैं। हालांकि, इन्हें रूस में सरकार के खिलाफ मजबूत विपक्ष नहीं माना जाता। बड़े मुद्दों पर ये पार्टियां अक्सर सरकार का साथ देती हैं।




### युद्ध विरोधी याब्लोको पार्टी चुनाव से बाहर

याब्लोको रूस की एकमात्र रजिस्टर्ड पार्टी थी, जो खुले तौर पर यूक्रेन युद्ध का विरोध करती रही है। पार्टी जंग खत्म करने और बातचीत के जरिए शांति की बात करती है। रूस की सुप्रीम कोर्ट ने अगस्त में याब्लोको की उम्मीदवारों की सूची का रजिस्ट्रेशन रद्द कर दिया। कोर्ट के मुताबिक, पार्टी ने चुनाव प्रचार में ऐसे लोगों से मिले पैसे का इस्तेमाल किया, जिन्हें विदेश से पैसा मिला था। इसके अलावा पार्टी ने कुछ तस्वीरों और दूसरी प्रचार सामग्री का बिना अनुमति इस्तेमाल किया। इंटरनेट पर प्रचार को लेकर भी पार्टी ने नियम तोड़े। हालांकि, याब्लोको का कहना है कि उसे असल में यूक्रेन युद्ध के खिलाफ उसके रुख की वजह से चुनाव से हटाया गया। पार्टी के कुछ उम्मीदवार अब भी अलग-अलग सीटों पर व्यक्तिगत उम्मीदवार के तौर पर चुनाव लड़ रहे हैं। वहीं, कुछ दूसरे युद्ध विरोधी नेताओं को जेल भेजा गया है या उन्हें रूस छोड़ना पड़ा है।

इस चुनाव में रूस पहली बार यूक्रेन के डोनेट्स्क, लुहांस्क, खेरसॉन और जापोरिजिया के उन इलाकों में भी मतदान करा रहा है, जिन पर उसका कब्जा है। रूस ने 2022 में इन चारों इलाकों को अपने देश में शामिल करने का दावा किया था। हालांकि, यूक्रेन और ज्यादातर दूसरे देश रूस के इस दावे को मान्यता नहीं देते। रूस का इन चारों इलाकों पर भी पूरा नियंत्रण नहीं है। क्रीमिया में भी मतदान हो रहा है। रूस ने 2014 में क्रीमिया पर कब्जा कर इसे अपने देश में शामिल कर लिया था। डोनेट्स्क के रूस के कब्जे वाले इलाके में मतदान के दौरान लोगों के पास एक हथियारबंद रूसी सैनिक भी तैनात दिखाई दिया।



### चुनाव पर्यवेक्षकों को नहीं बुलाया

रूस ने इस बार यूरोप में सुरक्षा और सहयोग संगठन (डरउए) के चुनाव पर्यवेक्षकों को भी नहीं बुलाया है। इससे चुनाव की निगरानी को लेकर सवाल उठ रहे हैं। 20 सितंबर की शाम से शुरूआती नतीजे आने शुरू हो सकते हैं। 21 सितंबर तक लगभग पूरी तस्वीर साफ होने की उम्मीद है। पुतिन की पार्टी के संसद में अपना दबदबा बनाए रखने की उम्मीद है। लेकिन इस चुनाव की अहमियत सिर्फ यह देखने तक सीमित नहीं है कि किस पार्टी को कितनी सीटें मिलती हैं। पुतिन इसे यूक्रेन युद्ध के बीच जनता के समर्थन के तौर पर दिखाना चाहते हैं। वहीं, युद्ध का खुलकर विरोध करने वाली पार्टी चुनाव से बाहर है और रूस के कब्जे वाले यूक्रेनी इलाकों में भी वोटिंग हो रही है। रूस के स्टेट ड्यूमा में 225 सीटों पर लोग राजनीतिक पार्टियों को वोट देंगे। बाकी 225 सीटों पर अलग-अलग इलाकों से खड़े उम्मीदवारों में से किसी एक को चुनेंगे। यूनाइटेड रशिया के अलावा कम्युनिस्ट पार्टी, एलडीपीआर, ए जस्ट रशिया और न्यू पीपल जैसी पार्टियां भी चुनाव लड़ रही हैं। हालांकि, इन्हें रूस में सरकार के खिलाफ मजबूत विपक्ष नहीं माना जाता। बड़े मुद्दों पर ये पार्टियां अक्सर सरकार का साथ देती हैं।

## सऊदी का यूरोप को अगले महीने तेल देने से इनकार



सऊदी की तेल रिफाइनरी अरामको ने अगले महीने सभी यूरोपीय देशों को कच्चे तेल की सप्लाई रोक दी है। ब्लूमबर्ग के मुताबिक, कंपनी ने कम से कम दो यूरोपीय रिफाइनिंग कंपनियों को इसकी जानकारी दी है।

11 सितंबर के ड्रोन हमले में ईस्ट-वेस्ट पाइपलाइन के तीन पंपिंग स्टेशन क्षतिग्रस्त हुए हैं। सऊदी अरब ने इसके लिए इराक में सक्रिय ईरान समर्थित मिलिशिया को जिम्मेदार ठहराया है।

ईस्ट-वेस्ट पाइपलाइन करीब 1,200 किलोमीटर लंबी है। यह सऊदी अरब के पूर्वी हिस्से से तेल को लाल सागर तक पहुंचाती है, जहां से इसे दूसरे देशों में भेजा जाता है। पाइपलाइन बंद होने के बाद यूरोप की कुछ कंपनियों ने सऊदी तेल की जगह दूसरे देशों से कच्चा तेल खरीदना शुरू कर दिया है।

पोलैंड की तेल कंपनी ऑर्लेन ने शुक्रवार से अब तक 10 से ज्यादा टेंडर जारी किए हैं, ताकि वैकल्पिक सप्लाई हासिल की जा सके।

### होर्मुज की रुकावट के बीच पाइपलाइन और अहम




ईस्ट-वेस्ट पाइपलाइन ऐसे समय बंद हुई है जब पिछले छह महीने से होर्मुज स्ट्रेट में रुकावट के बीच मिडिल ईस्ट से तेल की सप्लाई प्रभावित हो रही है। सऊदी अरब इस पाइपलाइन के जरिए तेल को लाल सागर तक भेजकर होर्मुज स्ट्रेट पर अपनी निर्भरता कम कर सकता था। इसके जरिए रोजाना करीब 40 लाख से 50 लाख बैरल कच्चा तेल भेजा जा रहा था।

यह मात्रा दुनिया की कुल तेल सप्लाई का करीब 4 से 5% है। इसी वजह से यह पाइपलाइन सऊदी अरब के लिए बेहद अहम रास्ता बनी हुई थी। अब इसके बंद होने से सऊदी तेल की सप्लाई के लिए वैकल्पिक रास्तों और स्रोतों पर दबाव बढ़ गया है। साथ ही, यूरोपीय खरीदारों को सऊदी तेल की जगह दूसरे स्रोतों पर निर्भर रहना पड़ेगा।

### होर्मुज के बाद बाब अल-मंदेब पर भी बढ़ा खतरा

**यूरोप में सऊदी तेल के टॉप-5 खरीदार**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | पोलैंड | 1.20 करोड़ टन | करीब 2.4 लाख बैरल |
| 2 | नीदरलैंड्स | 84.97 लाख टन | करीब 1.7 लाख बैरल |
| 3 | चेक गणराज्य | 7.40 लाख टन | करीब 14.8 हजार बैरल |
| 4 | बुल्गारिया | 7.12 लाख टन | करीब 14.2 हजार बैरल |
| 5 | जर्मनी | 6.42 लाख टन | करीब 12.8 हजार बैरल |

होर्मुज के बाद अब बाब अल-मंदेब स्ट्रेट पर भी संकट बढ़ गया है। यमन में ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों ने लाल सागर के किनारे तेजी से अपना कब्जा बढ़ाया है। हाल की रिपोर्टों के मुताबिक, हूतियों ने पेरिम द्वीप और यमन के पश्चिमी तट के कई इलाकों पर नियंत्रण कर लिया है। इससे बाब अल-मंदेब में जहाजों की आवाजाही पर खतरा बढ़ गया है। बाब अल-मंदेब एशिया और यूरोप के बीच जहाजों की आवाजाही का अहम रास्ता है। लाल सागर और स्वेज नहर के जरिए इसी रास्ते से तेल और दूसरे सामान से लदे जहाज यूरोप और दूसरे बाजारों तक पहुंचते हैं।

## गन्ने की बम्पर फसल



देश के कुछ स्थानों पर गन्ने की बंपर फसल हुई है, जबकि उत्तर भारत में भारी बारिश की वजह से फसल को नुकसान पहुंचा है, गुवाहटी में शुक्रवार को गन्ने की छंटाई करते विक्रेता।

## अमेरिका से जंग के बावजूद न्यूयॉर्क जाएंगे ईरानी राष्ट्रपति

ब्रह्मास्त्र ▸▸ न्यूयॉर्क

अमेरिका और ईरान के बीच 7 महीने से जंग चल रही है। इसके बावजूद ईरानी राष्ट्रपति मसूद पजशकियान और विदेश मंत्री अब्बास अराघची अगले हफ्ते न्यूयॉर्क में होने वाली  बैठक में शामिल होंगे।

अमेरिका के विदेश मंत्रालय ने गुरुवार को बताया कि दोनों नेताओं को वीजा दे दिया गया है। युद्ध शुरू होने के बाद यह पहली बार होगा, जब ईरान के शीर्ष नेता अमेरिका पहुंचेंगे। बड़ा सवाल यह है कि क्या अमेरिका में ईरानी राष्ट्रपति पजशकियान की गिरफ्तारी हो सकती है? किसी देश के मौजूदा राष्ट्रपति को दूसरे देश में जाकर सीधे गिरफ्तार करना आसान नहीं होता। अंतरराष्ट्रीय नियमों के तहत मौजूदा राष्ट्राध्यक्षों को खास कानूनी सुरक्षा मिलती है। इसका मकसद यह है कि कोई देश अपनी मर्जी से दूसरे देश के मौजूदा राष्ट्रपति को गिरफ्तार न कर सके। हालांकि, इसका यह




मतलब नहीं है कि राष्ट्रपति पर कभी कोई कानूनी कार्रवाई नहीं हो सकती। यह इस बात पर निर्भर करता है कि मामला किस अदालत में है, आरोप क्या हैं और उस देश के कानून क्या कहते हैं। निकोलस मादुरो का मामला इसका उदाहरण है। उन्हें अमेरिका ने गिरफ्तार किया था, लेकिन अमेरिका उन्हें उस समय वेनेजुएला का वैध राष्ट्रपति नहीं मानता था।

यह मामला सिर्फ अमेरिका और ईरान के बीच का नहीं है। वठ का मुख्यालय न्यूयॉर्क में है और अमेरिका इसकी मेजबानी करता है।

## फ्रांस में स्मार्ट चश्मे से महिलाओं की रिकॉर्डिंग पर जांच

ब्रह्मास्त्र ▸▸ फ्रांस

फ्रांस में स्मार्ट चश्मों से महिलाओं के बिना अनुमति वीडियो बनाने के मामलों की जांच शुरू हुई है। सोशल मीडिया पर कुछ लोग सड़क पर महिलाओं के वीडियो बनाकर उन्हें इंटरनेट पर डाल रहे थे। इसी को लेकर यौन उत्पीड़न की शिकायतें मिली हैं। इन चश्मों में छोटा कैमरा लगा होता है। इन्हें पहनने वाला बिना मोबाइल निकाले वीडियो बना सकता है। यही वजह है कि इनके गलत इस्तेमाल को लेकर दुनिया के कई देशों में चिंता बढ़ रही है। इन स्मार्ट चश्मों में मेटा के चश्मे सबसे ज्यादा लोकप्रिय हैं। मेटा ने ये चश्मे, चश्मा बनाने वाली कंपनी एस्सिलोरलक्सोटिका के साथ मिलकर बनाए हैं। पिछले साल इनके करीब 70 लाख चश्मे बिके थे। रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक, पेरिस पुलिस ने बताया कि इस मामले में एक आपराधिक जांच शुरू की गई है। हालांकि, पुलिस ने यह नहीं बताया कि महिलाओं के वीडियो बनाने के लिए किस कंपनी के चश्मे का इस्तेमाल किया गया था।

पुलिस की साइबर क्राइम टीम ने दो हफ्ते पहले इन चश्मों को खुद इस्तेमाल करके देखा। पुलिस यह पता करना चाहती थी कि इनसे किस तरह के गलत काम किए जा सकते हैं। फ्रांस में किसी व्यक्ति की निजी जगह पर बिना अनुमति उसकी तस्वीर या वीडियो बनाने पर एक साल तक जेल और 45 हजार यूरो तक जुर्माने का प्रावधान है। मानवाधिकार संगठनों के मुताबिक, स्मार्ट चश्मों के गलत इस्तेमाल में महिलाओं को खास तौर पर निशाना बनाया जा रहा है।

### जंग के बाद सबसे बड़ी रैली; 6 लाख ने हथियार ट्रेनिंग के लिए रजिस्ट्रेशन कराया

## ईरान- सरकार के बुलावे पर लाखों लोग सड़कों पर उतरे

ब्रह्मास्त्र ▸▸ ईरान

ईरान में शुक्रवार को सरकार के बुलावे पर लाखों लोग सड़कों पर उतर आए। राजधानी तेहरान में हुई यह रैली युद्ध शुरू होने के बाद सरकार की सबसे बड़ी रैलियों में से एक थी। लोगों ने देश की रक्षा के लिए हथियार उठाने और सैन्य ट्रेनिंग लेने की तैयारी जताई। सरकार ने इस अभियान का नाम ह्यजांफदाए ईरानह्न रखा है। इसका मतलब है- ईरान के लिए जान तक देने को तैयार लोग।



सरकारी अधिकारियों के मुताबिक, 6 लाख से ज्यादा लोग अब तक सैन्य ट्रेनिंग के लिए रजिस्ट्रेशन करा चुके हैं। रिवोल्यूशनरी गार्ड के प्रमुख ने दावा किया कि ट्रेनिंग लेने वालों की संख्या 10 लाख से ज्यादा हो सकती है। सरकारी प्रसारक के मुताबिक, शुक्रवार सुबह तेहरान की सड़कों पर 3 लाख से ज्यादा लोग मौजूद थे। कई लोग सैन्य वर्दी में थे और हाथों में ईरान के झंडे लिए हुए थे।

सरकार की योजना इन लोगों को असॉल्ट राइफल चलाने समेत सीमित सैन्य ट्रेनिंग देने की है। इसके बाद इन्हें देश की सुरक्षा में मदद के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है।

इन लोगों को देश की सुरक्षा में मदद करने के लिए तैयार किया जा रहा है। ये रिवोल्यूशनरी गार्ड और बसीज मिलिशिया ईरान की एक सरकार समर्थक अर्धसैनिक संगठन है। इसका इस्तेमाल सरकार विरोधी प्रदर्शनों को रोकने में इस्तेमाल होता रहा है।

### रैली में अमेरिका-इजराइल की मौत के नारे लगे

रैली में राष्ट्रपति मसूद पजशकियान, सैन्य कमांडर और सरकार के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे। कुछ लोगों ने अमेरिका और इजराइल के झंडों को पैरों से रौंदा। यहां 'अमेरिका की मौत' और 'इजराइल की मौत' जैसे नारे भी लगाए गए।

### ट्रम्प ने सीएनएन को व्हाइट हाउस से बैन किया:फेक न्यूज कवरेज का आरोप

# दो अन्य मीडिया हाउस पर भी कार्रवाई; कहा- आगे भी ऐसे कदम उठाएंगे

ब्रह्मास्त्र ▸▸ वाशिंगटन

वॉशिंगटन में 18 सितंबर को राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने सीएनएन, एमएसनाउ और पोलिटिको को व्हाइट हाउस से बैन करने का ऐलान किया।

ट्रम्प ने शुक्रवार को कहा कि इन संस्थानों की लगातार फेक न्यूज कवरेज के कारण यह रोक लगाई गई है। उन्होंने आगे और मीडिया संस्थानों पर ऐसी पाबंदी लगाने की धमकी दी। ट्रम्प ने अपने सोशल मीडिया साइट पर लिखा कि यह रोक तुरंत प्रभाव से लागू होगी। उन्होंने इन संस्थानों की रिपोर्टिंग को फैक न्यूज बताया।

इससे पहले ट्रम्प ने फरवरी 2025 में एसोसिएटेड प्रेस के पत्रकारों पर भी ऐसी ही रोक लगाई थी। तब ट्रम्प ने अढ के पत्रकारों को ओवल ऑफिस, एयर फोर्स वन और अन्य कार्यक्रमों में जाने से रोक दिया था। यह कार्रवाई अढ के गल्फ ऑफ मेक्सिको का नाम बदलने के उनके फैसले का समर्थन नहीं करने के बाद की थी।

### तीनों संस्थान ट्रम्प के फैसलों पर सवाल उठाते रहे हैं

**सीएनएन**- 24 घंटे चलने वाला टीवी न्यूज चैनल और डिजिटल वेबसाइट। अमेरिकी राजनीति की बड़ी खबरें और फैक्ट-चेकिंग करता है। ट्रम्प के बयानों और नीतियों पर लगातार तीखे सवाल उठाता रहा है।

**एमएस नाउ**- केबल टीवी न्यूज चैनल और डिजिटल मीडिया। लेफ्ट-ऑफ-सेंटर राजनीतिक डिबेट्स और ओपिनियन शोज पर फोकस करता है। ट्रम्प प्रशासन और उनकी नीतियों का सबसे मुखर आलोचक चैनल माना जाता है।



**पॉलिटिको**- प्रमुख डिजिटल न्यूज वेबसाइट और राजनीतिक अखबार। व्हाइट हाउस और अमेरिकी संसद की अंदरूनी खबरों और नीतियों की रिपोर्टिंग करता है। ट्रम्प प्रशासन के अंदरूनी फैसलों, विवादों और रणनीतियों का बारीक विश्लेषण करता रहा है।

### ट्रम्प पक्षपात का आरोप लगाते रहे हैं

साल 2016 से ही ट्रम्प उठठ की खबरों को लगातार ‘फेक न्यूज’ कहते रहे हैं और उनके कार्यकाल में पहले भी इस चैनल के पत्रकारों के व्हाइट हाउस पास रोके जा चुके हैं। इसके अलावा उन्होंने 'न्यूयॉर्क टाइम्स' और 'वॉल स्ट्रीट जर्नल' जैसे बड़े और प्रतिष्ठित अखबारों पर भी अपने खिलाफ पक्षपात करने का आरोप लगाया और उन पर मानहानि के मुकदमे तक दर्ज कराए। ट्रम्प ने इन सभी संस्थानों की रिपोर्टिंग पर खुले तौर पर सवाल उठाए और उन पर जानबूझकर गलत नीयत से खबरें चलाकर उन्हें निशाना बनाने का आरोप लगाया। इस मामले में मुकदमा किया था। यह मामला अभी जारी है। ट्रम्प लंबे समय से उस मीडिया कवरेज पर नाराजगी जताते रहे हैं, जिसे वह अपने खिलाफ मानते हैं।

मालवा डिवीजन 402/2024-2026 आर एन आई क्रमांक 2013/57651

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

दैनिक ब्रह्मास्त्र

उज्जैन, शनिवासरः 19 सितम्बर, 2026

## सुभाषितानि

विद्याभ्यास स्तपो ज्ञानमिन्द्रियाणां च संयमः।
अहिंसा गुरुसेवा च निःश्रेयसकरं परम्।।

**भावार्थ** : विद्या, तप, ज्ञान, इन्द्रिय-संयम, अहिंसा और गुरुसेवा-ये परम कल्याण हैं।

गुरुशुश्रूषया विद्या पुष्कलेन धनेन वा।
अथवा विद्यया विद्या चतुर्थी नोपलभ्यते।।

**भावार्थ** : केवल गुरु की सेवा करके, बहुत सारा पैसा देकर, या सीखने के बदले में, यह ज्ञान प्राप्त किया जा सकता है; ज्ञान प्राप्त करने का कोई चौथा तरीका नहीं है।

## कार्यान्वयनम् इत्यादीनां अनेकपक्षेषु सम्बोधनं भवति

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल

एनटीए-महानिदेशकेन अपि उक्तं यत सङ्गणक-आधारित-परीक्षाणां कृते परीक्षण-अन्तर्निर्मित-संरचनानां स्केल-अप, सुदृढसुरक्षा-उपायानां स्थापना च अत्यावश्यकी अस्ति। अस्मिन् परीक्षकेन्द्रेषु पर्याप्तसङ्गणकानां व्यवस्थापनं, विश्वसनीयं अन्तर्जालसंपर्कं तथा बैकअपशक्तिव्यवस्थां सुनिश्चित्य, सर्वरक्षमतां वर्धयितुं, तकनीकीकर्मचारिणः उपलब्धाः करणं, परीक्षायाः समये निगरानीयप्रणालीनां कार्यान्वयनम् इत्यादीनां अनेकपक्षेषु सम्बोधनं भवति तदतिरिक्तं छात्राः तान्त्रिकदोषैः प्रतिकूलरूपेण प्रभाविताः न भवेयुः इति सुनिश्चितं करणं एकं आव्हानं भविष्यति। परीक्षाकेन्द्रेषु सम्भाव्यसङ्गणकसम्बद्धानां।

## सम्पादकीयम्

### लाठीचार्जं न उत्तरम्

लाठीचार्जं न उत्तरम्; पुलिस-अतिरिक्ततायाः अन्वेषणम्; सर्वोच्चन्यायालयस्य निदेशाः महत्त्वपूर्णाः जन्तर-मन्तरे जेन् जेड्-विरोधस्य अनन्तरं अधुना सर्वोच्चन्यायालये एषः विषयः प्राप्तः अस्ति। दिल्लीपुलिसस्य कार्याणि विषये सर्वोच्चन्यायालयेन अनेके महत्त्वपूर्णाः निदेशाः निर्गताः सन्ति। इदानीं दिल्लीपुलिसः अपि शपथपत्राणि प्रस्तौति। राजधानीयां जन्तरमन्तरे छात्रविरोधस्य अनन्तरं देशे सर्वत्र परिवर्तनं दृश्यते। नूतना पीढी स्वअधिकारस्य वकालतुं विशेषतया शिक्षाव्यवस्थायां सुधारस्य कृते वीथिषु प्रविशति। जेन् जेड् इत्यस्य पार्श्वे जनरल् आल्फा अपि भागं गृह्णाति। एते विरोधाः यद्यपि प्रणालीगतदोषान् प्रकाशयन्ति तथापि ते अपि दर्शयन्ति यत् नूतना पीढी सर्वकारेण प्रश्नं कर्तुं स्वस्य अधिकारं अवगतं च स्वीकुर्वति च। अस्मिन् सन्दर्भे छात्रआन्दोलनकारिणां विरुद्धं कथितानां पुलिस-अतिरिक्तानां विषये सर्वोच्चन्यायालयस्य निदेशाः महत्त्वपूर्णाः भवन्ति। एतेन जनसमुदायस्य अधिकारस्य रक्षणे सहायता भविष्यति। अन्वेषणार्थं समितिः। दिल्लीनगरे संसदं प्रति 'काकरोचजनतापक्षस्य' मार्गयात्रायाः समये पुलिसैः अतिप्रयोगस्य अन्वेषणार्थं उच्चशक्तियुक्तायाः समितिस्य निमार्णार्थं सर्वोच्चन्यायालयेन निर्देशः दत्तः। परन्तु दिल्लीपुलिसः एतान् आरोपान् अङ्गीकृतवान्। इदानीं बिहारसर्वकारेण एकस्मिन् घटनायां एके-४७-विमानस्य उपयोगः कृतः इति स्वीकृतम्, यद्यपि कोऽपि घातितः नासीत्। संवैधानिक अधिकार। दिल्लीपुलिसः स्वशपथपत्रे उद्धृतानां बिन्दवानां मध्ये एकः महत्त्वपूर्णः दावाः अस्ति यत् आपराधिक-अभिलेख-युक्ताः व्यक्तिः विरोध-प्रदर्शने घुसपैठं कृतवन्तः।

### बाह्यप्रणालीनां उल्लङ्घनस्य एआइ विषये चिन्ता

# कतिपय एआइ-प्रणाल्याः बाह्य-डिजिटल-मञ्चेषु स्वतन्त्रतया प्रवेशं कर्तुं वा सुरक्षा-सीमानां

ब्रह्मास्त्र ▸▸ वाशिंगटन




टेक्सासस्य रिपब्लिकन-सीनेटरः टेड् क्रूज् इत्यनेन एआइ-सम्बद्धानां सम्भाव्य-विनाशकारी-जोखिमानां निवारणाय विधानस्य आवश्यकतायाः विषये अपि चर्चा कृता अस्ति। इदानीं रिपब्लिकनपक्षस्य प्रतिनिधिः अन्ना पौलिना लूना सदनस्य अध्यक्षं माइक जॉन्सन् एआइ-सम्बद्धेषु विषयेषु चर्चां कर्तुं विशेषसत्रं आहूतुं आग्रहं कृतवती अस्ति।

बाह्यप्रणालीनां उल्लङ्घनस्य एआइ विषये चिन्ता कतिपय एआइ-प्रणाल्याः बाह्य-डिजिटल-मञ्चेषु स्वतन्त्रतया प्रवेशं कर्तुं वा सुरक्षा-सीमानां उल्लङ्घनं कर्तुं वा प्रयतन्ते इति प्रतिवेदनानां अनन्तरं एआइ-सुरक्षासम्बद्धाः चिन्ताः तीव्राः अभवन्।

सुरक्षाविशेषज्ञानाम् कृते एषः महत्त्वपूर्णः विषयः अस्ति यतोहि अत्यन्तं समर्थाः एआइ-प्रणाल्याः केवलं सूचनाप्रदानस्य साधनरूपेण न दृश्यन्ते। यदि भविष्ये तेषां अधिकं स्वायत्तता, सङ्गणकतन्त्रेषु प्रवेशः, वास्तविकजगति कार्यं कर्तुं क्षमता च प्राप्यते तर्हि तेषां व्यवहारस्य नियन्त्रणस्य आव्हानं महत्त्वपूर्णतया वर्धयितुं शक्नोति।

फलतः एआइ-सुरक्षाक्षेत्रे विशेषज्ञाः विकासस्य पार्श्वे परीक्षण-निरीक्षण-नियन्त्रण-तन्त्राणां सुदृढीकरणस्य आवश्यकतायां बलं ददति ट्रम्पः मानवविलुप्ततायाः आशंकाम् अङ्गीकृतवान् एआइ इत्यस्य सम्भाव्यसंकटानां विषये वर्धमानचिन्तानां मध्यं अमेरिकीराष्ट्रपतिः डोनाल्ड ट्रम्पः मानवविलुप्ततायाः सम्भावनाम् अङ्गीकृतवान्। परन्तु एआइ इत्यस्मिन् वैश्विकप्रतियोगितायाः महत्त्वपूर्णं महत्त्वं सः अवश्यमेव बोधितवान्।

ट्रम्पः अवदत् यत् यदि अमेरिका एआइ-दौडस्य नेतृत्वं कर्तुं असफलः भवति तर्हि देशस्य भयंकरः परिस्थितिः भवितुम् अर्हति। एआइ-क्षेत्रे सम्प्रति अमेरिका चीनदेशात् बहु अग्रे अस्ति इति अपि सः अवदत्। तस्य वृत्तिः विवादस्य परं पक्षं प्रस्तुतं करोति। सुरक्षाविशेषज्ञाः यदा अत्यन्तं सावधानीम् आह्वयन्ति तदा अमेरिकीप्रशासनं एआइ-क्षेत्रे प्रौद्योगिकी-रणनीतिक-धारं निर्वाहयितुम् महत्त्वपूर्णं मन्यते। विकासस्य गतिः सुरक्षा उपायान् अतिक्रान्तवती एआइ-सुरक्षाविशेषज्ञानाम् एकः प्रमुखः चिन्ता अस्ति यत् सुरक्षापरिपाटाः प्रौद्योगिक्याः इव द्रुतगत्या विकसिताः न भवन्ति। अस्याः स्थितिः विषये चिन्ताम् अभिव्यक्तयन् पूर्वः गूगल डीपमाइण्ड् एआइ सुरक्षासंशोधकः जोश एङ्गल्सः एआइ क्षेत्रे संकटस्य समये निर्णायकहस्तक्षेपं कर्तुं समर्थस्य सुदृढप्रणाल्याः अभावं टिप्पणीं कृतवान् सः अवदत् यत् विशेषज्ञाः यथाशक्ति प्रयतन्ते तथापि विषयस्य गुरुत्वाकर्षणं दृष्ट्वा विद्यमानाः तन्त्राणि अपर्याप्ताः दृश्यन्ते। एन्थ्रोपिक इत्यस्य सुरक्षादलस्य पूर्वप्रमुखः जो बेण्टन् अपि एआइ विकासस्य गतिविषये चेतावनीम् अयच्छत्। सः तर्कयति यत् यावत् इदानीं जोखिमाः गम्भीरतापूर्वकं न गृह्यन्ते तावत् एआइ इत्येव शीघ्रं उन्नतिं कर्तुं शक्नोति यत् पर्याप्तसुरक्षापरिपाटनानि स्थापयितुं अपर्याप्तः समयः भविष्यति। माउंटिंग दबाव विकासस्य सुरक्षायाश्च सन्तुलनं स्थापयितुं एआइ-कम्पनीषु दबावः वर्धमानः अस्ति। यदा कम्पनयः अधिकाधिकं समर्थमाडलं विकसितुं दौडं कुर्वन्ति, तदा सुरक्षाविशेषज्ञाः प्रश्नं कुर्वन्ति यत् एतासां नवीनप्रणालीनां सार्वजनिकरूपेण वा व्यापकरूपेण वा।

### सुझावम् अयच्छत् यत्

## केन्द्रेण निर्मितायाः नीतेः ई-रिक्शा-निर्माणस्य

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल

लोक अभियोजकः मानस मणि वर्मा न्यायालयं सूचितवान् यत् कतिपयेषु ई-रिक्शा-माडलेषु पर्याप्त-स्थिरतायाः अभावः अस्ति, येन तेषां पलटनस्य उदाहरणानि सन्ति। सः सुझावम् अयच्छत् यत् केन्द्रेण निर्मितायाः नीतेः ई-रिक्शा-निर्माणस्य, परिपालनस्य च विषये सुरक्षा-मानकाः समाविष्टाः भवेयुः। वाहनस्य गुरुत्वाकर्षणकेन्द्रस्य सन्तुलनस्य आवश्यकतायां विशेषतया बलं दत्तं यत् पलटनस्य जोखिमं न्यूनीकर्तुं शक्यते।

उच्चन्यायालयेन निर्देशः दत्तः यत् एषः सुझावः अपि नीतौ समाविष्टः भवेत्। अस्य अर्थः अस्ति यत् प्रस्ताविता रूपरेखा केवलं मार्गे ई-रिक्शा-सङ्ख्यायां वा तेषां मार्गेषु वा न केन्द्रीभूता भविष्यति; वाहनस्य तान्त्रिकसुरक्षां यात्रिकाणां सुरक्षां च प्राथमिकताम् अदास्यति। केन्द्रस्य राज्यस्य च सहमतिः सुनवायीकाले केन्द्रसर्वकारस्य प्रतिनिधित्वेन उपमहासॉलिसिटर प्रवीणकुमारनेवास्करः मध्यप्रदेशसर्वकारस्य प्रतिनिधित्वेन अधिवक्ता स्मृतिशर्मा च याचिकाकतार्याः तर्कैः सह सहमतिम् प्रकटितवन्तौ। न्यायालयं सूचितं यत् ई-रिक्शा-सञ्चालनस्य विषये...स्पष्टप्रभाविविनियमानाम् अभावः केवलं मध्यप्रदेशे एव सीमितः समस्या नास्ति। ई-रिक्शा-सङ्ख्यायाः वर्धमानस्य कारणेन

## राशिफल

**मेष** : आज का दिन बेहतरीन साबित हो सकता है। करियर के मामले में महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट की जिम्मेदारी आपको दी जा सकती है।

**वृषभ** : आज सेहत के मामले में लापरवाही न बरतें। दिन रोमांटिक रहेगा। आज का आपका दिन पॉजिटिव एनर्जी से भरपूर रहने वाला है।

**मिथुन** : लॉन्ग डिस्टेंस रिलेशन वालों को आज ही प्रेम जीवन में आ रही दिक्कतों पर फोकस करना चाहिए।

**कर्क** : आज काम को समय पर पूरा करने पर फोकस रखें। सेहत के मामले में भाग्य साथ देगा।

**सिंह** : आज के दिन आपको सेल्फ लव पर फोकस करना चाहिए। करियर में अपनी जगह बनाने के लिए मेहनत ज्यादा करनी पड़ेगी।

**कन्या** : कार्यालय में अतिरिक्त जिम्मेदारियां मिल सकती हैं। बहुत ज्यादा प्रेशर न लें। वर्क लाइफ बैलेंस मेंटेन करके आगे बढ़ें।

**तुला** : अपनी बॉडी को फिट रखने के लिए योग ट्राई करें। एक शानदार दिन के लिए तैयार हो जाएं।

**वृश्चिक** : आज का दिन उतार-चढ़ाव से भरपूर रहने वाला है। ऑफिस की पॉलिटिक्स आपके लिए नेगेटिव साबित हो सकती है।

**धनु** : घर में टेंशन का माहौल रहेगा। विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं। आज का दिन थोड़ा सा स्ट्रेस भरा साबित हो सकता है।

**मकर** : आज धन का आगमन होगा लेकिन खर्च बढ़ने की संभावना भी ज्यादा है। बाहर के खाने से परहेज करें।

**कुंभ** : आज व्यापार, सेहत, पैसों का मामला या हो लव लाइफ बड़े चेंज के लिए तैयार हो जाएं। तनाव दूर करने के लिए मेडिटेशन करें।

**मीन** : आज जरूरत पड़ने पर फैमिली से सलाह लें। आपके रुके हुए काम अपनी रफ्तार पकड़ेंगे।

## ज्योतिष/वास्तु

# बुध गोचर से इन राशि वालों को करियर-परीक्षा में मिलेंगे अच्छे रिजल्ट, अक्टूबर-नवंबर तक रहेंगे अच्छे दिन



बुध का तुला राशि में गोचर बेहद प्रभावी रहने वाला है, क्योंकि ज्योतिष शास्त्र में बुध और शुक्र दोनों को शुभ ग्रह माना जाता है। ग्रहों के बीच मित्रता का खास असर जातकों पर देखने को मिल सकता है।

26 सितंबर 2026 को दोपहर 12 बजकर 31 मिनट पर बुध ग्रह तुला में प्रवेश कर रहे हैं। बुध ग्रह इस राशि में 2 दिसंबर 2026 तक रहने वाले हैं। तुला राशि में पहले से शुक्र भी विराजमान हैं। ज्योतिष शास्त्र में बुध और शुक्र दोनों को शुभ ग्रह माना जाता है। दरअसल, बुध ग्रह को वाणी, संवाद, बुद्धि और व्यापार का कारक माना जाता है, तो वहीं शुक्र सुख-सौभाग्य, प्रेम, कला और विलासिता के प्रतीक हैं। ऐसे में दोनों ग्रहों की ऊजाओं का यह अनोखा संयोग कुछ राशि वालों के लिए विशेष फलदायी साबित हो सकता है। इस दौरान जातकों को मनचाही सफलता, कला के क्षेत्र में निखार और नए लोगों से मिलने के अवसर प्राप्त हो सकते हैं। साथ ही व्यापार को लेकर भी सकारात्मक परिणाम मिलने के योग बन सकते हैं। आइए इन लकी राशियों को जानते हैं।

**कर्क राशि-** कर्क राशि वालों को इस दौरान मनचाही सफलता मिलने के योग बन रहे हैं। आपको संवाद से जुड़े अवसर करियर में प्राप्त होंगे। इस समय व्यक्तित्व अधिक प्रभावी रहने वाला है। परिवार में आपका सम्मान और भी कई गुना बढ़ सकता है। नौकरी में प्रमोशन और आय में वृद्धि के योग बन सकते हैं, जिससे आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। समझदारी से काम लेने पर परिस्थितियां आपके पक्ष में रह सकती हैं।

**तुला राशि-** तुला राशि वालों को इस दौरान बड़ा सम्मान प्राप्त हो सकता है। कारोबार में कोई अच्छी डील मिलने के साथ नए तरह के अवसर भी सामने आ सकते हैं। सेहत के मामले में भी राहत मिलने के संकेत हैं। इस दौरान किया गया निवेश आपको अच्छा लाभ दे सकता है। दोस्तों के साथ किसी घर-मकान खरीदने की योजना पर विचार करेंगे। किसी योजना से भी लाभ का रास्ता खुल सकता है। पारिवारिक जीवन में भी सकारात्मकता बनी रहेगी। नए लोगों से संपर्क बढ़ेंगे, जो भविष्य में आपके लिए फायदेमंद साबित हो सकते हैं।

**मकर राशि-** मकर राशि वालों की छवि पहले से भी ज्यादा निखरकर सामने आएगी। आपके व्यक्तित्व और काम करने के तरीके की लोग सराहना कर सकते हैं। व्यापार का विस्तार पहले से अधिक होगा और नए अवसर प्राप्त होंगे। इस समय किसी बड़ी यात्रा के लिए निकल सकते हैं। जो लोग नौकरी की तलाश में हैं, उनकी नौकरी पाने की इच्छा पूरी हो सकती है। समझदारी से की गई सौदेबाजी का लाभ मिलेगा। अपनी मेहनत का अच्छा परिणाम मिल सकता है। निर्णय लेने की क्षमता आपको आगे बढ़ाने में मदद करेगी।

### शॉटपुटर तेजिंदरपाल तूर को अब तक किट नहीं मिली, शूटर मनु के साथ पवन सहरावत तिरंगा थामेंगे

# एशियन गेम्स की ओपनिंग सेरेमनी आज

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नागोया



**इस बार भारत का दल कैसा है-** भारत के 501 खिलाड़ी 36 खेलों में उतरेंगे। इनमें 267 पुरुष और 234 महिलाएं हैं। 314 खिलाड़ी पहली बार एशियन गेम्स में हिस्सा ले रहे हैं। यानी दल का करीब 63% हिस्सा डेब्यूटेंट है। 15 साल के वैभव सूर्यवंशी भारतीय दल के सबसे युवा और 55 साल की श्रुति वोरा सबसे उम्रदराज खिलाड़ी हैं। वैभव क्रिकेट और श्रुति घुड़सवारी में हिस्सा लेंगी। खिलाड़ियों की संख्या के लिहाज से एथलेटिक्स में 79, हॉकी में 40, क्रिकेट और शूटिंग में 30-30, कबड्डी में 24 और रोइंग में 22 भारतीय खिलाड़ी हैं।
**भारत कितने इवेंट में चुनौती पेश करेगा-** भारत 43 में से 36 खेलों के कुल 256 इवेंट में हिस्सा लेगा। इनमें एथलेटिक्स के 43, शूटिंग के 27, कयाकिंग-कैनोइंग के 14, साइकिलिंग ट्रैक के 11 और बैडमिंटन के 7 इवेंट शामिल हैं। क्रिकेट में पुरुष और महिला दोनों टीमें टी-20 प्रारूप में खेलेंगी।

जापान में आज 20वें एशियन गेम्स का आगाज होगा। आइची के नागोया में ओपनिंग सेरेमनी भारतीय समयानुसार दोपहर 2:30 बजे से शुरू होगी। भारत की ओर से शूटर मनु भाकर के साथ सीनियर कबड्डी खिलाड़ी पवन सहरावत तिरंगा थामेंगे। क्योंकि, शॉटपुटर तजिंदरपाल सिंह तूर को अब तक भारतीय किट नहीं मिली है। एशियन गेम्स में 45 देशों और क्षेत्रों के खिलाड़ी 43 खेलों में हिस्सा लेंगे। टूर्नामेंट 19 सितंबर से 4 अक्टूबर तक चलेगा। भारत ने 503 खिलाड़ियों का दल भेजा है। गेम्स की ओपनिंग सेरेमनी पालोमा मिजुहो स्टेडियम, नागोया में होगी। लोकल टाइम के मुताबिक समारोह शाम 6 बजे से रात 8 बजे तक चलेगा। जापान तीसरी बार एशियन गेम्स की मेजबानी कर रहा है। इससे पहले 1958 में टोक्यो और 1994 में हिरोशिमा में इन खेलों का आयोजन हुआ था।

**भारत आज सिर्फ टेकबॉल में चुनौती पेश करेगा-** आज भारत टेकबॉल में अपनी चुनौती पेश करेगा। भारत की ओर से क्विंसी जोआकिम डिसूजा महिला सिंगल्स सेमीफाइनल मुकाबला खेलेंगी। उनका मुकाबला इंडोनेशिया की सुमाया से होगा। यह मुकाबला भारतीय समयानुसार सुबह 6:30 बजे से शुरू होगा।

**ऋषभ पंत की फैंस से अपील- खिलाड़ियों को सपोर्ट करें-** ऋषभ पंत ने एशियन गेम्स में हिस्सा लेने वाले भारतीय खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि वे गेम्स देखने को लेकर काफी उत्साहित हैं। साथ ही पंत ने फैंस से अपील की है कि खिलाड़ियों के साथ खड़े रहें और उन्हें सपोर्ट करें।

**भारत ने पिछले गेम्स में 107 मेडल जीते थे-** भारत ने हांगझोउ पिछले एशियन गेम्स में रिकॉर्ड प्रदर्शन किया था। तब भारतीय खिलाड़ियों ने 107 मेडल जीते थे, जिसमें 28 गोल्ड शामिल थे। टीम को शूटिंग, बैडमिंटन, बॉक्सिंग, कुश्ती, क्रिकेट और वेटलिफ्टिंग समेत कई खेलों में मेडल की उम्मीद रहेगी।

**पिछले एशियन गेम्स से छोटा भारतीय दल-** भारत ने पिछले एशियन गेम्स की तुलना में इस बार छोटा दल भेजा है। 2022 में चीन के हांगझोउ में हुए एशियन गेम्स में भारत के 661 खिलाड़ी शामिल हुए थे। इनमें 333 मेंस और 328 विमेंस थीं।

# ट्रेविस हेड ने 75 गेंद में शतक लगाया

ब्रह्मास्त्र ▸▸ हरारे

ट्रेविस हेड के शतक की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने जिम्बाब्वे को दूसरे वनडे में 84 रन से हरा दिया। हरारे में ऑस्ट्रेलिया ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर में 6 विकेट पर 356 रन बनाए। जवाब में जिम्बाब्वे की टीम 48.3 ओवर में 272 रन पर ऑलआउट हो गई। इस जीत के साथ ऑस्ट्रेलिया ने तीन मैचों की सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त बना ली है। हेड ने 84 गेंदों पर 112 रन की पारी खेली। उन्होंने 75 गेंदों में अपना शतक पूरा किया। यह जिम्बाब्वे के खिलाफ किसी ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज का सबसे तेज वनडे शतक है। यह हेड का वनडे करियर का आठवां शतक भी है। ऑस्ट्रेलिया की शुरूआत तेज रही। हेड ने 32 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया। दूसरी ओर कप्तान मिचेल मार्श ने संभलकर बल्लेबाजी की। दोनों ने पहले विकेट के लिए 130 रन जोड़े। मार्श ने 52 गेंदों में अर्धशतक पूरा किया, लेकिन इसके बाद वेलिंगटन मसाकादज़ा की गेंद पर बोल्ड हो गए। उन्होंने 53 रन बनाए। मार्श के आउट होने के बाद भी हेड की रफ्तार कम नहीं हुई। उन्होंने 75 गेंदों में शतक पूरा किया। इसके बाद 112 रन बनाकर वेस्ली मधेवेरे की गेंद पर आउट हुए। हेड के बाद कूपर कॉनॉली ने पारी को गति दी। उन्होंने 78 रन बनाए और वनडे में लगातार तीसरी बार 50 से ज्यादा का स्कोर किया। एलेक्स कैरी ने 20 रन बनाए। पारी के आखिरी हिस्से में ओली पीक ने तेजी से रन जोड़े। उन्होंने सिर्फ 18 गेंदों में 41 रन बनाए, जिसमें तीन छक्के शामिल थे। उनकी बल्लेबाजी से ऑस्ट्रेलिया ने आखिरी 10 ओवर में 101 रन जोड़े और 356/6 तक पहुंच गया।

# सहवाग के बेटे आर्यवीर का अंडर-19 डेब्यू, 28 रन बनाए

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली



भारत अंडर-19 ने ऑस्ट्रेलिया अंडर-19 को राजकोट में खेले गए पहले यूथ वनडे में 7 रन से हरा दिया। बारिश के कारण मुकाबला 20-20 ओवर का कर दिया गया था। शुक्रवार को वीरेंद्र सहवाग के बेटे आर्यवीर ने अंडर-19 डेब्यू किया। उन्होंने ओपनिंग करते हुए 28 रन बनाए। राहुल द्रविड़ के बेटे अन्वय द्रविड़ ने 18 गेंद में 38 रन की पारी खेली।

भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 182/6 बनाए। जवाब में ऑस्ट्रेलिया की टीम 175/7 रन ही बना सकी। इस जीत के साथ भारत अंडर-19 ने तीन मैचों की यूथ वनडे सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली है।

आर्यवीर ने कप्तान लक्ष्य रायचंदानी के साथ पारी की शुरूआत की। उन्होंने 26 गेंद में 28 रन बनाए। इसमें 5 चौके शामिल थे। उन्हें स्पेंसर ग्रीन ने आउट किया। इसके बाद लक्ष्य रायचंदानी 15 और कुशाग्र ओझा 16 रन बनाकर आउट हुए। भारत 65 रन पर 3 विकेट गंवा चुका था।

**88 रन पर 4 विकेट, फिर अन्वय ने संभाला-** भारत ने 11.5 ओवर में 88 रन पर चौथा विकेट गंवा दिया था। यहां से अन्वय द्रविड़ और यशवर्धन चौहान ने पारी को संभाला। अन्वय ने शुरूआत में संभलकर बल्लेबाजी की, लेकिन सेट होने के बाद उन्होंने तेजी से शॉट लगाने शुरू किए। उन्होंने 18 गेंद में 38 रन बनाए। पारी में 2 चौके और 3 छक्के शामिल रहे।

**यशवर्धन का अर्धशतक, भारत 182 तक पहुंचा-** यशवर्धन चौहान ने 34 गेंद में 54 रन बनाए। 5 चौके और 2 छक्के भी लगाए। दोनों ने मिलकर भारत की पारी को मुश्किल स्थिति से बाहर निकाला। अन्वय 17.3 ओवर में आउट हुए, तब भारत का स्कोर 157/5 था। इसके बाद यशवर्धन भी 19.4 ओवर में आउट हुए। भारत ने 20 ओवर में 182/6 का स्कोर खड़ा किया।

**ऑस्ट्रेलिया की तेज शुरूआत-** 183 रन का पीछा करते हुए ऑस्ट्रेलिया ने तेज शुरूआत की। नील पटेल ने 31 गेंद में 45 और हेडन बारबुलोविक ने 24 गेंद में 40 रन बनाए। दोनों ने पहले विकेट के लिए 58 रन जोड़े। इसके बाद कप्तान जैक कॉजनसेक ने 27 गेंद में 55 रन की तेज पारी खेलकर ऑस्ट्रेलिया को मुकाबले में बनाए रखा। उन्होंने 6 चौके और 3 छक्के लगाए। 18.5 ओवर में उनके आउट होने के समय ऑस्ट्रेलिया 171 रन तक पहुंच चुका था।

